रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, मंगलवार 11 मार्च 2025, वर्ष 10, अंक 418 पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

2 को गोली मारकर 2 झोला ज्वेलरी बरामद; 4 बदमाशों की तलाश जारी

## तनिष्क शोरूम से 25 करोड़ के गहने लूटकर भागे बदमाश



**आरा (भोजपुर)** बिहार में आरा के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम से सोमवार को 6 बदमाश 25 करोड़ की ज्वेलरी लूट ले गए। बदमाशों का पीछा कर रही पुलिस ने फायरिंग की। दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। उनके पास से दो झोला ज्वेलरी बरामद की गई। 4 बदमाश बाकी ज्वेलरी लेकर भाग गए। शोरूम के स्टोर मैनेजर कुमार मृत्युंजय ने बताया, 'शोरूम में 50 करोड़ से ज्यादा के जेवरात थे। अपराधियों ने 25 करोड़ के गहने लूट लिए।' **3 बाइक से आए थे 6 बदमाश** सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे 3 बाइक से आए 6 बदमाशों ने शोरूम के बाहर खड़े गार्ड के साथ मारपीट कर उनका हथियार भी छीन लिया। शोरूम में घुसते ही शटर अंदर से बंद करके करीब 22 मिनट तक दोनों फ्लोर पर लूटपाट की। भोजपुर के SP राज ने बताया, 'पुलिस ने शोरूम के अंदर लूट की फोटो वॉट्सऐप ग्रुप में शेयर की थी। बड़हरा थाना पुलिस ने बबुरा छोटे पुल के पास 3 बाइक पर 6 संदिग्धों को देखा। उनके रोकने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी फायरिंग की। इसमें 2 बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। उनके पास से 2 पिस्टल, 10 कारतूस, 2 बड़े झोले में तनिष्क शोरूम से लूटे गए जेवरात मिले हैं। इनके नाम सारण जिले के दिघवारा निवासी विशाल गुप्ता और सोनपुर के सेमरा निवासी कुणाल कुमार हैं। अपराधियों ने इस तरह से गार्ड को घुटने के बल बिठाकर लूट की। शोरूम के गार्ड मनोज कुमार ने बताया- 10 बजे शोरूम खुला ही था। तभी 3 बाइक से 6 अपराधी आए और शोरूम के पास गाड़ी खड़ी कर दी। शोरूम के नियम के अनुसार, 4 से अधिक लोगों को एक साथ एंट्री नहीं दी जाती है। इसलिए पहले 2 लोग अंदर गए और जैसे ही छठा अपराधी अंदर आया, उसने मेरे सिर पर पिस्टल रख दी। मेरे साथ मारपीट भी की। राइफल भी ले गए। शोरूम में रखे सोने-चांदी और हीरे के जेवरात बैग में भर लिए। लूट के दौरान बदमाशों ने सेल्समैन को भी पीटा है। जैसे ही अपराधी गार्ड को धक्का देकर अंदर पहुंचे। मैंने पुलिस को 20 से 25 बार कॉल किया, लेकिन तुरंत एक्शन नहीं लिया गया। सिर्फ कहा जा रहा था कि गाड़ी पहुंच रही है। अपराधी 10 की संख्या में थे। सभी

### स्टाफ को बंधक बनाया

**दो अपराधियों ने तनिष्क शोरूम के स्टाफ को बंधक बनाया और उनके हाथ ऊपर करवा दिए। बंधक बनाने के बाद अपराधियों ने शोरूम के रैक से गहने निकालने शुरू किए। शोरूम के अंदर घुसते ही अपराधियों ने गार्ड को गन पॉइंट पर ले लिया।**

## रोशनी नाडार अब देश की सबसे अमीर महिलाः पिता शिव ने HCL-कॉर्प में 47% हिस्सेदारी दी



**नई दिल्ली** HCL के फाउंडर शिव नाडार ने HCL कॉर्प और वामा दिल्ली में अपनी 47% हिस्सेदारी बेटी रोशनी नाडार मल्होत्रा को गिफ्ट की। एचसीएल (HCL) ग्रुप के संस्थापक शिव नाडार ने हाल ही में बेटी रोशनी नाडार मल्होत्रा को कंपनी की 47% हिस्सेदारी ट्रांसफर की। 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' के मुताबिक, 3.13 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ रोशनी अब तीसरी सबसे अमीर भारतीय बन गई हैं। उनसे ज्यादा संपत्ति सिर्फ मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी के पास है। सावित्री जिंदल से आगे निकलीं रोशनी रोशनी नाडार अब देश की सबसे अमीर महिला भी हैं। इस मामले में उन्होंने सावित्री जिंदल को पीछे छोड़ दिया है, जिनके पास 2.63 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है। जिंदल पांचवीं अमीर हस्ती हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स-इंडिया लिस्ट के मुताबिक, मुकेश अंबानी 7.7 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ सबसे अमीर भारतीय बने हुए हैं। दूसरे नंबर पर गौतम अडाणी की संपत्ति करीब 6 लाख करोड़ रुपए है। अमेरिका के साथ पार्टनरशिप में भूमिका रोशनी यूएस-इंडिया स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप

**रोशनी से पहले उनके पिता शिव नाडार भारत के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति थे। उनके नेतृत्व वाली एचसीएल टेक्नोलॉजी देश की तीसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी है। इसका मार्केट कैप 4.20 लाख करोड़ रुपए है। इसमें अब आधी से ज्यादा हिस्सेदारी शिव नाडार की बेटी के पास है। रोशनी ब्रिटेन की नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी से कम्युनिकेशन में ग्रेजुएट हैं। उन्होंने केलॉग स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से एमबीए भी किया है। रोशनी ने ब्रिटेन में स्काई न्यूज़ में बतौर प्रोड्यूसर करिअर की शुरुआत की थी।**

फोरम के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में शामिल हैं। वे 'द नेचर कंजर्वेंसी' के ग्लोबल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में भी शामिल हैं। इसके अलावा वे एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी के बोर्ड में इंडिपेंडेंट डायरेक्टर भी हैं। बिजनेस और समाज में योगदान के लिए उन्हें कई बार फॉर्च्यून इंडिया की सबसे शक्तिशाली महिलाओं की लिस्ट में शामिल किया जा चुका है। आईबीएम के 7 प्रोडक्ट्स का अधिग्रहण रोशनी 2009 में पिता की कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एचसीएल इन्फोसिस्टम्स की होल्डिंग कंपनी एचसीएल कॉरपोरेशन में शामिल हुईं थीं।

## अधिसूचना संविधान और नगरपालिका अधिनियम के प्रतिकूल : सरयू बोले

**सरयू बोलेः जमशेदपुर को औद्योगिक नगर समिति घोषित करने का मामला विस में उठा**



**विस अध्यक्ष के कहने पर सुदिव्य कुमार और सरयू राय ने आपस में की चर्चा। औद्योगिक नगर समिति की वैधानिकता पर भी सवाल उठाया। सरकार नहीं मानेगी तो सरयू जन-जागरण करेंगे, लोगों को इसके बारे में बताएंगे**

**रांची/जमशेदपुर** विधानसभा में सोमवार को जमशेदपुर को औद्योगिक नगरी घोषित करने के मामले में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय का ध्यानाकर्षण प्रस्ताव था। श्री राय ने स्पष्ट कहा कि सरकार ने जो इसके लिए अधिसूचना जारी की है, वह संविधान के प्रावधान के प्रतिकूल है। इतना ही नहीं, यह झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के भी विरूद्ध है और टाटा लीज समझौता के भी विरूद्ध है।
राय के सवाल का जवाब देने सरकार की ओर से नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार उठे वह श्री राय के सवालों का सही उत्तर नहीं दे सके। सदन में करीब 18 मिनट तक बहस हुई। श्री राय ने सभाध्यक्ष से स्पष्ट कहा कि जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति की घोषणा सरकार ने जमशेदपुर में निगम बनाने के बदले में किया है। यानी संविधान के 73वें संशोधन के माध्यम से स्थानीय स्वशासन स्थापित करने के लिए हुआ है, परन्तु सरकार ने इसके बदले में एक ऐसी समिति बना दी है, जिसमें टाटा स्टील के 14 पदाधिकारी हैं, सरकार के 6 पदाधिकारी हैं, विधायक और सांसद हैं तथा 5 सदस्य मनोनीत है। ऐसा करना संविधान और नियम के विरूद्ध है, क्योंकि संविधान के अनुसार इसमें जनता का प्रतिनिधि भी होना चाहिए।
सरयू राय ने विधानसभा में कहा कि इसका अध्यक्ष स्थानीय मंत्री अथवा प्रभारी मंत्री को बना दिया गया है, जो नगरपालिका अधिनियम के विरूद्ध है। नगरपालिका अधिनियम की धारा 481(3) के हिसाब से इसका अध्यक्ष उपायुक्त को होना है। साथ ही, जितनी नागरिक सुविधाएं इस समिति के अनुसार जनता को मिलेंगी, उससे कई गुणा अधिक सुविधाएं देने का प्रावधान टाटा स्टील और सरकार के बीच हुए टाटा लीज समझौता की अधिसूचना के द्वारा दिया गया है। यानी सरकार द्वारा घोषित जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति संविधान के अधिनियम एवं नियम के विरूद्ध है। जब राय के सवालों का जवाब देते हुए नगर विकास मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश और संविधान के प्रावधानों का उल्लेख किया तो राय ने उन्हें अप्रासंगिक और भ्रामक बताया। फिर भी मंत्री विधान सभा में अपनी बात पर अड़े रहे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने नियमन दिया कि राय नगर विकास विभाग के मंत्री से अलग से इस पर वार्ता करें। तदुपरांत राय उनसे मिले और सारी बातों और तथ्यों को उनके समक्ष रखा। सरयू राय ने दावा किया कि उनके द्वारा ध्यानाकर्षण में उठाए गए तथ्यों का कोई जवाब सरकार के पास नहीं है। अलबत्ता मंत्री ने यह आश्वासन जरूर दिया कि चूंकि अधिसूचना मंत्रिपरिषद से निर्गत हुई है, इसलिए इसको मंत्रिपरिषद में ले जाना पड़ेगा। श्री राय ने उनसे कहा कि आप इसके बारे में मुख्यमंत्री से बात करें और इसे मंत्रिपरिषद में ले जाकर संशोधित कराएं। अन्यथा इस तरह की व्यवस्था जमशेदपुर की जनता के हितों के प्रतिकूल होगी। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि इसके लिए एक एसओपी बनेगी। इस पर श्री राय ने उनसे कहा कि एसओपी से काम थोड़े ही चलेगा। इस समिति के प्रावधान में आमूलचूल परिवर्तन होना चाहिए नहीं तो यह लगेगा कि झारखण्ड सरकार जनता के हितों के प्रति संवेदनशील नहीं है।
सरयू राय ने औद्योगिक नगर समिति की वैधानिकता पर भी सवाल उठाया और कहा कि इसके क्रियान्वयन में बहुत सारी कठिनाईयां सामने आयेंगी। यदि सरकार उनके सुझावों को मानकर औद्योगिक नगर समिति की अधिसूचना में संशोधन नहीं करती है तो वह इसके लिए जनजागरण अभियान चलाएंगे और लोगों को बताएंगे कि इससे कौन-कौन सी कठिनाईंयां सामने आने वाली हैं और आम जनता का हित किस प्रकार प्रभावित होने वाला है।
सरयू राय ने आरोप लगाया कि सरकार ने विधानसभा में गलत उत्तर देकर सदन को गुमराह किया है। सर्वोच्च न्यायालय का कोई भी ऐसा आदेश नहीं है कि आप जमशेदपुर में औद्योगिक नगर समिति ही गठित किजिए। यह सरकार और टाटा स्टील के बीच का समझौता है जिसकी सूचना इन्होंने सर्वोच्च न्यायालय को दी है।
सरयू राय का कहना था कि झारखण्ड में कई ऐसे स्थान हैं, जहां औद्योगिक नगर समिति बनाई जा सकती है। जैसे सेल के अधीनस्थ बोकारो और सीसीएल-बीसीसीएल के कई इलाके हैं, जहां वे नागरिक सुविधायें मुहैया करा रहे हैं।

## आरएसएस द्वारा कुटुंब प्रबोधन सह होली मिलन समारोह का आयोजन





**जन प्रवाद । शिवहर**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के द्वारा शहर के एक विवाह भवन में 'कुटुंब प्रबोधन सह होली मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। जिसमें संघ के सभी आनुषांगिक इकाइयों यथा राष्ट्र सेविका समिति, विश्व हिंदू परिषद, भारतीय जनता पार्टी, विद्या भारती, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, सहकार भारती, इतिहास संकलन समिति एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्वयंसेवक बंधु सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में बौद्धिककर्ता प्रचारक राकेश, सह प्रांत महाविद्यालयीन छात्र प्रमुख उपस्थित थे। जिनके द्वारा संयुक्त परिवार कैसे समाजहित एवं देश हित में होता है। इस बात पर जोर दिया गया। साथ ही, सरसंघचालक के पंचप्रण सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, स्व का आचरण एवं नागरिक कर्तव्यों को अपने परिवार से शुरू करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में सीतामढ़ी के विभाग प्रचारक मृत्युंजय भारत एवं शिवहर जिला के जिला प्रचारक दीपक उपस्थित रहे। विभिन्न सत्रों में आयोजित कार्यक्रम में नगर, जिला एवं विभाग के संघचालक गण उपस्थित रहे। विभाग प्रचार प्रमुख विनोद, जिला कार्यवाह अवधेश साह, जिला कार्यवाह अमरेश, नगर कार्यवाह विश्वनाथ एवं सभी खंड कार्यवाह,

## मोदी 2 दिन मॉरीशस में- प्रवासी भारतीयों से मिले महिलाओं ने पारंपरिक बिहारी गीत से स्वागत



**पोर्ट लुइस** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के राजकीय दौरे पर मॉरीशस पहुंच गए हैं। वे यहां 12 मार्च को मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। एयरपोर्ट पर मॉरीशस के PM नवीनचंद्र रामगुलाम ने उनका स्वागत किया। PM मोदी ने X पर पोस्ट कर स्वागत के लिए मॉरीशस के PM का आभार जताया। इसके बाद मोदी पोर्ट लुईस में अपने होटल पहुंचे। यहां भारतीय प्रवासियों ने 'भारत माता की जय' के नारे के साथ उनका स्वागत किया और तिरंगे लहराए। मॉरीशस PM 200 प्रतिनिधियों के साथ एयरपोर्ट पर मोदी का स्वागत करने पहुंचे। मॉरीशस PM 200 प्रतिनिधियों के साथ एयरपोर्ट पर मोदी का स्वागत करने पहुंचे। मोदी ने होटल के बाहर भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात और हाथ मिलाए। इसके बाद PM के स्वागत में मॉरीशस की महिलाओं ने पारंपरिक बिहारी 'गीत गवई' गाया। इस दौरान पीएम मोदी पारंपरिक भोजपुरी संगीत का आनंद लेते और ताली बजाते नजर आए। 'गीत गवई' भोजपुर क्षेत्र की महिलाओं का एक पारंपरिक लोकगायन है। इसके सांस्कृतिक महत्व को देखते हुए यूनिस्को ने दिसंबर 2016 में इसे ' सांस्कृतिक धरोहर' की सूची में शामिल किया था। 'गीत गवई' भोजपुर क्षेत्र की महिलाओं का एक पारंपरिक लोकगायन है।

## लॉ एंड ऑर्डर पर DGP अनुराग गुप्ता का बड़ा बयान, बोले- जेल से माफिया आपराधिक घटना की बना रहे रणनीति




हजारीबाग : में एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या पर डीजीपी ने गहरी चिंता व्यक्ति की। डीजीपी बोले की जेल से माफिया अपराध को अंजाम दे रहे हैं । डीजीपी ने बताया कि विकास तिवारी, अमन साहू, अमन श्रीवास्तव जेल के अंदर से अपराधिक घटनाओं की रणनीति बना रहे हैं। वे तकनीक का फायदा उठाकर वर्चुअल नेटवर्क का इस्तेमाल करके लोगों को निशाना बना रहे हैं। डीजीपी ने बताया कि अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। हजारीबाग में डीएम की हत्या को लेकर उन्होंने बताया कि अब तक कारण का पता नहीं चल पाया है। डीजीएम की हत्या क्यों हुई इसका पता लगाया जा रहा है।

## रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जेल में बिगड़ी तबीयत



**रांची ।** रांची सेंट्रल जेल में बंद रांची के पूर्व डीसी छवी रंजन की तबीयत अचानक बिगड़ गयी। जेल में ही उनके सीने में दर्द उठ गया। जेल के डॉक्टरों ने उनकी जांच की, जिसके बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। पूर्व डीसी छवि रंजन को रिम्स में शिफ्ट कर दिया गया है। यहां याद दिला दें कि छवि रंजन जमीन घोटला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रांची सेंट्रल जेल में बंद हैं। उन्हें ईडी ने गिरफ्तार किया था। छवि रंजन के खिलाफ जमीन से जुड़े दो मामले चल रहे हैं। रांची के बरियातू थाना क्षेत्र स्थित चेशायर होम रोड स्थित जमीन मामले में झारखंड हाई कोर्ट से छवि रंजन को जमानत मिल चुकी है। चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन में गड़बड़ी मामले में ईडी ने छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल सहित 10 लोगों को आरोपी बनाया था। इसी साल पांच अप्रैल को पूर्व डीसी सहित अन्य आरोपियों के ठिकानों पर ईडी ने एक साथ छापेमारी की थी। वहीं, दूसरा मामला सेना की जमीन से जुड़ा है। सेना की जमीन मामले में अभी तक छवि रंजन को जमानत नहीं मिली है।

**सिपाही की राइफल छीन कर भागने की कोशिश में था, तभी पुलिस की ओर से हुई जवाबी कार्रवाई में वो ढेर हो गया**

## गैंगस्टर अमन साहू एनकाउंटर में ढेरः रायपुर से रांची लाया जा रहा था; पलामू में एक्सीडेंट के दौरान भागने की कोशिश कर रहा था

**रांची** झारखंड के बड़े गैंगस्टर में शामिल अमन साहू मारा गया है। सूचना के मुताबिक वह पुलिस एनकाउंटर में मारा गया है। मंगलवार को उसे रायपुर से पुलिस रिमांड में रांची लाया जा रहा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पलामू में पुलिस की गाड़ी हादसे का शिकार हो गई थी। इसका फायदा अमन साहू ने उठाया। वो सिपाही की राइफल छीन कर भागने की कोशिश में था। पुलिस ने उसे रोका तो उसने फायरिंग कर दी। तभी पुलिस की ओर से हुई जवाबी कार्रवाई में वो ढेर हो गया। इस मुठभेड़ में एक जवान के भी घायल होने की खबर है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पलामू जिले की एसपी रिष्मा रमेशन सहित तमाम पुलिस अधिकारी घटनास्थल के लिए निकल चुके हैं। बरियातू में 7 मार्च को कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा और 8 मार्च को हजारीबाग में NTPC के DGM कुमार गौरव को गोली मारने के मामले में अमन साहू से पूछताछ करने के लिए उसे रायपुर से रांची लाया जा रहा था। घटना चैनपुर-रामगढ़ रोड़ के अन्हारी ढ़ोढ़ा घाटी में हुई है। मौके पर एसपी रिष्मा रमेशन, एसडीपीओ मेदिनीनगर, चैनपुर थाना और रामगढ़ थाना की पुलिस मौजूद है। जहां घटना हुई है, वह थोड़ा जंगली इलाका है। यहां मोबाइल नेटवर्क की भी दिक्कत है। SP-SDPO समेत कई अधिकारी पहुंचे हैं। पलामू में घटनास्थल की तस्वीर। SP-SDPO समेत कई अधिकारी पहुंचे हैं। रांची में बिपिन मिश्रा और हजारीबाग में कुमार गौरव पर हमला एक ही तरीके से किया गया है, इसलिए पुलिस दोनों की जांच साथ-साथ कर रही है। जांच टीम को पता चला कि अपराधियों ने दोनों घटना में बाइक का इस्तेमाल किया था। सुबह के वक्त गोली मारी गई, जब वे अपने आवास से निकल कर काम पर जा रहे थे। अपराधियों के पहनावे में भी समानता मिली है। रांची में बिपिन मिश्रा को गोली मारने के बाद अमन साहू गैंग के गुर्गे मयंक सिंह ने सोशल मीडिया पर घटना की जिम्मेदारी ली थी। लेकिन, डीजीएम कुमार गौरव को गोली मारने की जिम्मेदारी लेने से इनकार किया था। इन्हीं दोनों घटनाओं को लेकर झारखंड पुलिस अमन साहू से पूछताछ करना चाहती थी।

## लैंड फॉर जॉब स्कैम- तेजप्रताप और हेमा को मिली जमानतः50 हजार के निचले मुचलके पर बेल



**पटना** लैंड फॉर जॉब केस में आज यानी मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। सभी आरोपियों को कोर्ट से जमानत मिल गई है।कोर्ट ने 50 हजार के मुचलके पर बेल दी है। लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव और बेटी हेमा यादव सुनवाई के दौरान कोर्ट पहुंचे थे।

इससे पहले 25 फरवरी को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने CBI की ओर से दाखिल फाइनल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए सभी आरोपियों को समन भेजा था। तीनों लोगों को 11 मार्च को पेश होने का आदेश दिया था। इस केस में CBI ने लालू यादव समेत 78 अन्य के खिलाफ चार्जशीट दायर की है।

चार्जशीट में 30 लोक सेवक आरोपी हैं। CBI ने बताया था, 'हमने कोर्ट से रेलवे बोर्ड के अधिकारी आर के महाजन के खिलाफ केस की अनुमति ले ली है। उनके खिलाफ गवाहों की लिस्ट भी तैयार है। आगे कोर्ट इस मामले में फैसला लेगा।' इससे पहले 16 जनवरी को अदालत ने कहा था, 'यदि 30 जनवरी तक महाजन के खिलाफ स्वीकृति नहीं मिलती है तो सक्षम अधिकारी को इसका स्पष्टीकरण देना होगा।' लैंड फॉर जॉब्स मामले में 20 जनवरी 2024 को ED की दिल्ली और पटना टीम के अधिकारियों ने लालू और तेजस्वी यादव से 10 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी। ED सूत्रों के मुताबिक, लालू प्रसाद से 50 से ज्यादा सवाल किए थे। उन्होंने ज्यादातर जवाब हां या ना में ही दिए थे। पूछताछ के दौरान कई बार लालू झल्ला भी गए थे। डील 1ः CBI ने शुरुआती जांच में पाया कि 6 फरवरी 2008 को पटना के किशुन देव राय ने अपनी 3,375 वर्ग फीट जमीन सिर्फ 3.75 लाख रुपए में राबड़ी देवी को बेच दी।

अलग पहचान
सत्य की उड़ान



# मध्य विद्यालय बिरौली में कथित अनियमितता के खिलाफ होगा आंदोलन



**बेनीपट्टी** प्रखंड के बिरौली गांव के शिक्षाविद डॉ गंगा प्रसाद यादव शिक्षा विभाग में व्याप्त गड़बड़ियों के खिलाफ आंदोलन करेंगे। इसके लिए उन्होंने बाकायदा मांगपत्र आमजनों के बीच वितरण किया है। डॉ गंगा प्रसाद यादव ने बताया कि उनके गांव में अवस्थित मध्य विद्यालय में भारी पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। जिससे अध्यनरत छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि स्कूल के पूर्व प्रभारी प्रधान शिक्षिका के द्वारा व्यक्तिगत तौर पर राशि निकासी कर ली गयी। उक्त राशि को सूद समेत वसूली की जाए। उक्त स्कूल को प्लस टू के दर्जा हेतु प्रस्ताव सरकार को भेजे जाने, स्कूल में चार अन्य शिक्षकों की पदस्थापना, भवन निर्माण कराये जाने, जिला शिक्षा पदाधिकारी के अधीनस्थ सभी संबंधित पदाधिकारियों के खिलाफ न्यायिक जांच करा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। डॉ यादव ने बताया कि वे 24 से 29 मार्च तक धरना देंगे। मांग पर कार्रवाई नहीं होने पर 21 से 26 अप्रैल तक अनशन करेंगे, फिर स्कूल के सभी वर्गों में तालाबंदी कर सड़क पर स्कूल संचालन कराएंगे। उन्होंने बताया कि उन्होंने मांग पत्र को संबंधित पदाधिकारियों को भी भेज दिया है।

# सेना भर्ती रैली के लिए किये जायेंगे सभी आवश्यक प्रबंध



**रांची।** रांची में सेना भर्ती रैली के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। इस संबंध मे जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने सेना एवं पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ की बैठक की। समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक (नगर) राजकुमार मेहता, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, उप समाहर्ता नजारत सुदेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार एवं कर्नल विकास भोला उपस्थित थे।
बैठक में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने खेलगांव में सेना भर्ती रैली के लिए फिजिकल टेस्ट, मेडिकल परीक्षण और दस्तावेजों की जांच के लिए जिला प्रशासन की ओर से भी सभी आवश्यक प्रबंध किए जाने के संबंध में पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने भर्ती रैली स्थल पर पेयजल, शौचालय, बिजली, जलपान, चिकित्सा सुविधा, परिवहन सुविधा, पार्किंग, टेंट और अन्य आवश्यक प्रबंध के लिए संबंधित पदाधिकारी को ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा।
रैली स्थल पर पात्र उम्मीदवारों की मैदान में एंट्री सुबह 3-4 बजे शुरू हो जाएगी। जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि सभी विभाग इसके अनुसार तैयारी करें। बैठक में रैली से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई, जिस पर अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न प्रबंधों पर महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

**संदिग्ध लोगों पर रहेगी कड़ी नजर**

जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि भर्ती रैली के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा अपनी शारीरिक क्षमता एवं प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाइयों के प्रयोग और रैली स्थल के आस-पास संदिग्ध लोगों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि शारीरिक क्षमता एवं प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाइयों के दुरुपयोग की जांच के लिए अभ्यर्थियों का डोप टेस्ट होगा। इसलिए, सभी अभ्यर्थी इन दवाइयों के प्रयोग से बचें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसके प्रति युवाओं तथा केमिस्टों को आगाह करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को भर्ती के नाम पर झांसा या प्रलोभन देने वाले संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के लिए खुफिया एजेंसियां भी अलर्ट पर रहेंगी।

# सैमसंग के एआई-पावर्ड टीवी पर धमाकेदार ऑफर्स




**रांचीः** सैमसंग ने गुड़ी पड़वा, उगादी और होली के मौके पर एक खास फेस्टिव कैंपेन लॉन्च किया है। इस ऑफर के तहत नियो क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी 4के, ओएलईडी और क्रिस्टल 4के यूएचडी टीवी जैसे प्रीमियम एआई बिग स्क्रीन टीवी पर शानदार डील्स मिलेंगी। यह कैंपेन 5 मार्च से 31 मार्च 2025 तक चलेगा, जिसमें उपभोक्ताओं को अपने होम एंटरटेनमेंट को अपग्रेड करने का बेहतरीन मौका मिलेगा। सैमसंग के प्रीमियम टीवी शानदार पिक्चर क्वालिटी, दमदार साउंड और स्टाइलिश डिज़ाइन के साथ आते हैं, जो होम एंटरटेनमेंट का अनुभव अगले स्तर तक ले जाते हैं। इस ऑफर में उपभोक्ता चुनिंदा खरीदारी पर 2,04,990 तक का मुफ्त टीवी या 90,990 रूपए तक का मुफ्त साउंडबार भी पा सकते हैं। इसके अलावा, सैमसंग 20% तक कैशबैक, जीरो डाउन पेमेंट और सिर्फ 2,990 रूपए की शुरुआती एमआई पर 30 महीने तक आसान किस्तों की सुविधा दे रहा है। अगर ग्राहक कोई भी सैमसंग टीवी खरीदते हैं, तो उन्हें सैमसंग साउंडबार पर 45% तक की छूट भी मिलेगी, जिससे वे सिनेमा जैसी बेहतरीन साउंड का मजा घर पर ही ले सकते हैं। ये ऑफर सैमसंग.कॉम, प्रमुख ऑनलाइन पोर्टल्स और पूरे भारत के चुनिंदा सैमसंग रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध होंगे।

# होली में डीजे बजाने पर संचालक व आयोजक पर होगी कानूनी कार्रवाई



**बेनीपट्टी**
होली पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर सोमवार को बेनीपट्टी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी एसडीओ सह कार्यपालक दंडाधिकारी विवेक मिश्रा ने कहा कि बेनीपट्टी में शांतिपूर्ण माहौल में होली को सम्पन्न कराना है। इसके लिए जरूरी है कि हमलोग शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाए। किसी को जबरन रंग अथवा अबीर न लगाएं। खासकर, उस दिन जुमा है। इसका भी ख्याल रखना होगा। एसडीपीओ निशिकांत भारती ने कहा कि डीजे पर पूर्ण पाबंदी है। इसका हर हाल में कठोरता से पालन कराया जाएगा। अगर कही डीजे बजायी गयी तो संचालक और होली आयोजक पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीपीओ ने कहा कि समाज में भाईचारा और शांत वातावरण कायम रहे। इसके लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहेगा। हुड़दंगियों पर भी कार्रवाई होगी। जो सड़कों पर बिना वजह तेजी से बाइक चलाते है और खुद के साथ दुसरो को भी क्षति पहुँचाना चाहते है। एसडीपीओ ने कहा कि आपस मे शांतिपूर्ण माहौल में रंग अबीर लगाकर पर्व सम्पन्न कराये। ऐसा कोई कार्य नहीं करे। जिससे माहौल में तनाव हो या किसी को क्षति हो। वहीं, डीएसपी ने डीजे संचालकों को पूर्व से ही नोटिस देने का निर्देश दिया।

# सुरक्षा सप्ताह का समापनः हरियाली के संदेश के साथ एक नई पहल





धनबाद, भारत – क्वालिटी ऑस्ट्रिया सेंट्रल एशिया, धनबाद में सुरक्षा सप्ताह का अंतिम दिन पर्यावरणीय जिम्मेदारी की एक प्रेरणादायक पहल के साथ संपन्न हुआ। अशोक बिस्वास और उनकी टीम, बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) के जीएम अगम उत्पल सरकार के साथ मिलकर, वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया, जिसने न केवल पर्यावरण सुरक्षा बल्कि धैर्य और स्थिरता का भी संदेश दिया।
औद्योगिक सुरक्षा के इस दौर में, क्वालिटी ऑस्ट्रिया सेंट्रल एशिया और बीसीसीएल द्वारा उठाया गया यह कदम पारंपरिक सुरक्षा उपायों से कहीं आगे बढ़कर था। लगाए गए ये पेड़ एक दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं—न केवल कार्यस्थल की सुरक्षा के लिए, बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भी। धनबाद की भूमि पर रोपे गए ये पौधे आने वाले वर्षों में न केवल छाया और ऑक्सीजन देंगे, बल्कि सतत विकास और प्रकृति संरक्षण का संदेश भी देते रहेंगे।
कार्यक्रम के दौरान अशोक बिस्वास ने कहा, 'सच्ची सुरक्षा केवल कार्यस्थल तक सीमित नहीं होती। यह हमारे वातावरण, हमारी धरती और हमारे संसाधनों की सुरक्षा से भी जुड़ी होती है। यह वृक्षारोपण हमारे भविष्य को सुरक्षित और हरित बनाने की दिशा में एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है।'

# गर्भवती महिला के लिए संस्था के सक्रिय सदस्य आदेश बाऊरी ने किया रक्तदान



सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल टीम निरसा के सक्रिय सदस्य आदेश बाऊरी ने एक बार फिर से किसी जरूरतमंद के लिए रक्तदान कर जीवनदान देने का कार्य किया हैं, बताते चलें कि निरसा के एके सिंह अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिला नमिता हांसदा के डिलिवरी के समय डॉक्टर ने मरीज के परिजन को तत्काल ओ पॉजिटिव रक्त व्यवस्था करने की बात कही परिजन अचानक रक्त की व्यवस्था करने की बात सुनकर घबरा गए उन्होंने सब जगह कॉल के माध्यम से रक्त उपलब्ध कराने की विनती की परंतु रक्त नहीं मिला फिर कुछ देर बाद उन्हें सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के बारे में पता चला और संस्था के टीम निरसा सक्रिय सदस्य आदेश बाऊरी से सम्पर्क कर रक्त उपलब्ध कराने हेतु आग्रह किया इस पर आदेश बाऊरी ने कहा कि मेरा खुद ओ पॉजिटिव रक्त हैं मैं ही रक्तदान कर देता हूँ और उन्होंने खुद अस्पताल पहुंचकर गर्भवती महिला के लिए रक्तदान किया जिसके बाद महिला का ऑपरेशन सही सलामत हुआ। संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने बताया कि आदेश बाऊरी ज़ी संस्था के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं इन्होंने अब तक कई जरूरतमंद लोगों की जान रक्तदान करके बचाई हैं इस नेक कार्य के लिए संस्था के तमाम पदाधिकारियों एवं सदस्यों के ओर से मैं इनका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ।

# बंधु तिर्की ने एआइ कर्मियों को मानदेय बढ़ोत्तरी, बीमा योजना का लाभ दिलाने को मंत्री शिल्पी नेहा से दिया ठोस बात करने का आश्वासन




**रांची** : पूर्व मंत्री बंधु तिर्की से सोमवार को मोरहाबादी रांची स्थित उनके आवास पर एआई कर्मियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। प्रतिनिधिमंडल की ओर से अजय मिश्रा ने उन्हें जानकारी देते बताया कि ए आई कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी के आधार पर मानदेय निर्धारित कराया जाए। 2019 से बकाया राशि का भुगतान भी कृषि, पशुपालन विभाग से कराया जाए। पशुपालन विभाग में वर्षों से कार्यरत एक आइ कर्मचारियों के लिए नियमावली तैयार कर वरियता सूची निर्गत हो। विभाग में तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के रिक्त पदों पर ए आई कर्मचारियों को वरीयता के आधार पर नियमित करने के अलावा वर्तमान मानदेय और प्रोत्साहन राशि, देय बीमा लाभ को ससमय भुगतान व्यवस्था सरल हो। बंधु ने ए आई कर्मियों की लगातार मेहनत और पशुपालन सेवा में उनके योगदान को सराहा। आश्वासन देते कहा कि वे उनकी मांगों को देखते विभागीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से बात करेंगे और समाधान की पहल करेंगे।

# भाकपा माले ने कोरहिया में की आमसभा




**जयनगर** भाकपा माले जयनगर के तत्वावधान में सोमवार को कोरहिया गांव में रामू पासवान के अध्यक्षता में आमसभा आयोजित की गयी। उपस्थित लोगों ने बताया कि आवास योजना के भौतिक सत्यापन के नाम पर विभाग के कर्मियों के द्वारा अबैध राशि वसूल की जा रही है। आम लोगों के समस्याओं को लेकर लगातार पार्टी के द्वारा अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी जयनगर के समक्ष प्रदर्शन के माध्यम से समाधान करने की मांग की जा रही है। भाकपा-माले आगामी अप्रैल माह में भूमिहीनों को भूमि मुहैया कराने पर्चाधारियों का भूमि पर दखल कब्जा, बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत 2 लाख रूपये सहायता राशि देने हेतु 70 हजार रूपया तक का आय प्रमाण-पत्र निर्गत करने, समुह का कर्ज माफ करने, सहारा इंडिया में जमा राशि जमाकर्ताओं को भुगतान करने आदि मांग को लेकर आगामी अप्रैल माह में प्रखंड अंचल कार्यालय जयनगर के समक्ष अनिश्चितकालीन रात-दिन का महाजुटान आंदोलन करने का ऐलान किया। देवधा थानाध्यक्ष प्रीति भारती के जनविरोधी व दमनकारी नीतीयों के खिलाफ पिछले वर्ष आंदोलन करने पर दलगत व्यक्ति विशेष के इशारे पर तथा भ्रष्टाचार मे शामिल व विभागीय कार्रवाई संख्या-12/2024 के आरोपी ASI गणेश कुमार सिंह के सहयोग से देवधा थाना क्षेत्र के भाकपा-माले के समर्थकों के साथ अपमानजनक व्यवहार करने तथा धमकी देने के खिलाफ 17 मार्च को पुलिस उपाधीक्षक जयनगर के समक्ष प्रदर्शन करने की घोषणा किया गया।

# सीएम की एयर एम्बुलेंस सेवा असहाय मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही झारखण्ड में अबतक 94 लोगों को मिल चुका है लाभ




रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का लोगों के जीवन सुरक्षा का सकारात्मक प्रयास रंग ला रहा है । आपात स्थिति में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे असहाय मरीजों को बेहतरीन चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने में एयर एंबुलेंस सेवा वरदान साबित हो रही है। मुख्यमंत्री के इस प्रयास से अबतक 94 मरीजों को झारखण्ड से ससमय एयरलिफ्ट कराकर दूसरे राज्यों के प्रमुख अस्पतालों में शिफ्ट कराया गया। सिर्फ रांची से 78 जबकि अन्य जिलों से 11 मरीज ऐसे हैं, जिन्होंने एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ लिया है।
आम और खास लोगों ने लिया सेवा का लाभ
एयर एंबुलेंस के जरिए त्वरित और सहजभाव से मरीजों को दूसरे राज्यों में इलाज का लाभ मिल रहा है। तभी तो बीते समय में आम लोगों के साथ-साथ गणमान्य लोगों को भी एयर एंबुलेंस की सेवा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त विधानसभा चुनाव कार्य के दौरान गंभीर रूप से घायल झारखण्ड पुलिस बल के कई जवानों को भी ससमय उच्चतर चिकित्सीय सेवा के लिए एयर एंबुलेंस से एयरलिफ्ट कराकर उच्चस्तरीय मेडिकल सेंटर में शिफ्ट कराया जा चुका है।
हर वर्ग को एयरलिफ्ट का लाभ, मोबाइल से करें बुक
राज्य के आम और खास हर वर्ग के मरीजों के परिजन नगर विमान विभाग द्वारा संचालित +918210594073 मोबाइल नंबर पर फोन कर एयर एंबुलेंस की सेवा संबंधी जानकारियां 24 घंटे किसी भी समय ले सकते हैं। जानकारी के अनुसार, झारखण्ड के बाहर अन्य गंतव्य स्थानों पर मरीजों को ले जाने पर संबंधित व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर 55,000 प्रति उड़ान घंटे के दर पर एयर एंबुलेंस की सुविधा दी जाती है।
यह है निर्धारित रूट और दर

| | |
|---|---|
| रांची–दिल्ली | 3.3 लाख |
| रांची–मुंबई | 4.4 लाख |
| रांची–चेन्नई | 3.85 लाख |
| रांची–कोलकाता | 1.10 लाख |
| रांची–हैदराबाद | 3.02 लाख |
| रांची–वाराणसी | 1.37 लाख |
| रांची–लखनऊ | 2.20 लाख |
| रांची–तिरुपति | 3.85 लाख |

फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी–90 की सुविधा उपलब्ध
तत्काल नागर विमान प्रभाग़ द्वारा एयर एंबुलेंस सेवा के लिए फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी–90 की सुविधा उपलब्ध है। जिसके माध्यम से एक मरीज तथा दो परिजनों को एक साथ एयर एम्बुलेंस से अन्य राज्य में चिकित्सा हेतु ले जाया जा सकता है।

# सीएमपीडीआई परिसर में धूमधाम से मना होली मिलन समारोह




**रांचीः** सीएमपीडीआई के परिसर में एनसीओईए (सीटू) द्वारा पूरे धूमधाम एवं उल्लासपूर्वक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर जेबीसीसीआई के सदस्य एवं सीएमपीएफ के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी डीडी रामानंदन, जेबीसीसीआई के स्टैंडर्डराइजेशन कमेटि के सदस्य एवं एनसीओईए (सीटू) के महामंत्री आरपी सिंह, अध्यक्ष समीर विश्वास, कार्यकारी अध्यक्ष निताय घोष तथा शाखा सचिव प्रलय भट्टाचार्यी ने सभी कोयला कर्मियों को उमंग एवं उत्साह का पर्व होली की हार्दिक बधाई दी और कहा कि आप सभी लोग अपने परिवार जनों के साथ खुशीपूर्वक होली पर्व का आनंद उठाएं।
इस मौके पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/आरडीएंडटी) अजय कुमार, महाप्रबंधक (तकनीकी/जनसम्पर्क) संजय कुमार दुबे, क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के क्षेत्रीय निदेशक श्री कंचन सिन्हा, महाप्रबंधक (कार्मिक/प्रशासन) संजय कडम्बार, महाप्रबंधक (वित्त) सुदीप दासगुप्ता सहित अन्य महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) के तकनीकी सचिव उमाशंकर सिंह, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के एनसीओईए के शाखा के अध्यक्ष सुभाशीष बनर्जी एवं सचिव विनोद कुमार सिंह, बम बम झा, रोहित सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, तपन डे, दीपांकर कुँवर, नरेन्द्र सिंह, राम प्रसाद मैती, गीता देवी, साजिदा खातून, सोनिया दास एवं विनीता केरकेट्टा सहित बड़ी संख्या में सीएमपीडीआई एवं सीसीएल कर्मी इस समारोह में हिस्सा लिया।

# कटहा अग्निकांड में 4 लोगों की जान गई, बच्चों के बाद पति की हुई मौत

**लदनियां** प्रखंड क्षेत्र के कटहा गांव में फ़रवरी माह में गैस रिसाव से हुए अग्निकांड में बुरी तरह से झूलसे रविंद्र कुमार चौधरी अपनी जिंदगी और मौत के बीच चल रहे संघर्ष में हार गए। चौधरी पटना के पालिका अस्पताल के गहन चिकित्सा देखभाल केंद्र मे रविवार की रात को अंतिम सांस लिया। इस अग्नि कांड ने रविंद्र चौधरी की पत्नी को छोड़ पति, दो पुत्र, एक पुत्री सहित तीन संतान सहित सभी की मौत हो गई है। अकेली उनकी पत्नी मुन्नी देवी का रो रो कर बुरा हाल है। घटना के बाद एलपीजी गैस कम्पनी के द्वारा बीमा पॉलिसी के तहत मुन्नी कुमारी को कितना सहायता राशि मिलती है। जिससे उनका आसियाना एंव जीवन चल सके। ग्रामीणों ने बताया कि मुन्नी देवी का आशियाना एवं जीवन चलाने वाले उनका पति गुजर चुका है। अब देखना है कि जीवन चलने के लिए एलपीजी गैस कंपनी एवं बिहार सरकार की ओर से मुन्नी देवी को कितना आर्थिक मदद मिलेगा। अब देखना है कि विभत्स अग्निकांड में लदनियां प्रखंड प्रशासन मुन्नी देवी को क्या सरकारी सहायता दिलाने में मदद करती है।




**रांची** मुरी रेलखंड के हेसाडीह के समीप ट्रेन के चपेट में जंगली हाथी की मौत। मुरी -सिल्ली प्रखंड अंतर्गत हेसाडीह के समीप रांची मुरी रेलखंड पर झारसुगुड़ा टाटा ट्रेन के चपेट में आने से हाथी की मौत हो गई। डाउन लाइन बाधित है।

# भाकपा माले का गोविंदपुर प्रखंड सम्मेलन रतनपुर पार्टी कार्यालय में संपन्न हुआ




भाकपा माले का गोविंदपुर प्रखंड सम्मेलन रतनपुर पार्टी कार्यालय में संपन्न हुआ। सम्मेलन को तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल में गणेश प्रसाद चौरसिया,जमशेद अंसारी एवं फटीक चंद्र मंडल व संचालन सारथी मंडल ने किया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो एवं पर्यवेक्षक नकुलदेव सिंह उपस्थित हुए।सम्मेलन के शुरुआत में शहीद वेदी में पुष्प अर्पित किया गया। तमाम शहीदों के याद में एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। सम्मेलन को सम्बोधित मुख्य वक्ता पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो ने कहा कि देश आज संकट के दौर से गुजर रहा है।एक देश,एक चुनाव के नाम पर लोकतंत्र का धज्जियां उड़ाई जा रही है। संविधान को खत्म करने की साजिश रची है। इस वर्ष का बजट जन विरोधी बजट है।छात्र, नोजवानो को धोखा दिया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में बजट में कटौती की गई है। छात्र, नौजवान सड़कों पर है। नई शिक्षा नीति में निम्न एवं मध्यम के छात्रों को शिक्षा से दूर किया जा रहा है। विश्वविद्यालयों में शिक्षक के कमी के कारण पढ़ाई नहीं हो रही है। स्थानीय एवं नियोजन नीति आदि मांगो को लेकर कल यानी 11 मार्च को छात्र,युवा राजभवन के समक्ष विशाल प्रदर्शन करेंगे। छात्रों एवं युवाओं से अपील किया गया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रदर्शन मे भाग लें। तत्पश्चात पूर्व एरिया सचिव कार्तिक प्रसाद ने एक साल का लेखा,जोखा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें 25 प्रतिनिधियों ने बहस में भाग लिया। जिसको सर्वसम्मति से पास कर दिया।
उसके बाद पर्यवेक्षक के देख, रेख में चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। विदाई कमिटी की और से 51सदस्यीय कमिटी की सूची प्रस्तुत किया गया।

# श्री राधा- कृष्ण मंदिर में हुआ भव्य होली मिलन महोत्सव



**रांचीः** पुंदाग स्थित मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में झारखंड के सबसे बड़े श्री राधा- कृष्ण मंदिर में वृंदावन की तर्ज पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य मे आयोजित होली मिलन महोत्सव मे भक्तजनों ने स्वामी जी के साथ अबीर-गुलाल एवं फूलों के साथ जमकर होली खेली। तथा भजन गायको मनीष सोनी, सज्जन पाड़िया, निर्मल जालान द्वारा गाये सुमधुर होली के मनमोहक भजनों से पूरा माहौल कृष्णमय, भक्तिमय, होलीमय से सराबोर हो गया। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाएं- पुरुष भक्तों नेआपस में अबीर गुलाल लगाकर खूब झूमे। ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने कहा कि होली न केवल रंगों और उल्लास का प्रतीक है बल्कि श्रद्धा, भक्ति और एकता का अद्वितीय उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि परमहंस स्वामी सदानंद महाराज जी ने इस महोत्सव मे आकर अलौकिक शोभा बढ़ाई, स्वामी सदानंद महाराज के शिष्यों द्वारा गुरु जी को चंदन- वंदन कर होली महोत्सव कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में संत श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि हिंदुओं का महापर्व होली का पर्व अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति पश्चिमी सभ्यता की ओर जा रही है आज के हमारे बच्चे विदेशी रहन-सहन की ओर आकर्षित हो रहे हैं आज के समय में हमें बच्चों के बीच देशभक्ति का अलग जगाना चाहिए।
उन्होंने भक्तों से धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

# महू के राष्ट्रद्रोही जिहादियों को कठोरतम दंड मिले : बीरेंद्र बिमल

रांची।:क्रिकेट में भारत के विजय का उत्सव मना रहे राष्ट्रप्रेमियों पर मध्य प्रदेश के महू में जिस प्रकार से जिहादी मुसलमानों ने हमला किया, वह उनकी राष्ट्रद्रोही मानसिकता को ही उजागर करता है। यह बार - बार दिखा है, कि भारतीयों और हिन्दुओं का हर उत्सव, हर खुशी जिहादियों का निशाना बनती है। चैम्पियंस ट्राफी में भारत की जीत महु के मुसलमानों को इतनी बुरी लगी, कि मस्जिद से पत्थर चलने लगे। उत्सव मना रहा हिन्दू समाज, उनके घर, दुकान, मंदिर, गाड़ी, आदि सब दंगाइयों के निशाने पर आ गये। हमेशा की तरह वे पत्थर बाजी, तोड़फोड़ तथा आगजनी करने लगे। आज हिन्दू समाज को भी यह समझ लेना चाहिए, कि भारत को अन्न- जल पर पलनेवाले और देश की सभी कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेनेवाले ये जिहादी घोर भारतविरोधी हैं। राज्य सरकारों को भी यह समझना चाहिए, कि जब भी हिन्दू समाज का कोई उत्सव हो, पूर्व से ही मुस्लिम बहुल बस्तियों और मस्जिदों को पास पर्याप्त पुलिस बल तैनात करना चाहिए। झारखंड सरकार को भी इस घटना से सबक लेते हुए होली के अवसर पर सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए।
समय की मांग है, कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिये अलग से कठोर राष्ट्रद्रोह का कानून बने। उस कानून में ऐसी व्यवस्था हो, कि राष्ट्रद्रोही हिन्दूविरोधी जिहादी उपद्रवियों की नागरिकता छीन ली जाये । ऐसे तत्वों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित किया जाना चाहिए। जिन्हें भारत से इतनी घृणा है, देश उनका बोझ क्यों उठाये।

# जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर डीआरडीए निदेशक ने की सुनवाई



**बोकारो**। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर डीआरडीए निदेशक मेनका ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 29 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कुछ मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया।

जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, सामान्य शाखा, भूमि पर कब्जा, अनुमंडल पदाधिकारी चास, राजस्व, समाज कल्याण, कृषि विभाग, गोमिया अंचल कार्यालय, लीड बैंक मैनेजर, अंचल कार्यालय चंदनकियारी, विधि शाखा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बीडीओ कसमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी कार्यालय आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

# रांची – जयनगर – रांची होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन |

यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08105/08106 रांची – जयनगर – रांची होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा।

ट्रेन संख्या 08105 रांची – जयनगर होली स्पेशल ट्रेन दिनांक 12/03/2025 (बुधवार) को रांची से प्रस्थान करेगी। (केवल एक ट्रिप)

ट्रेन का रांची प्रस्थान बुधवार 14:50 बजे, मुरी आगमन 15:08 बजे प्रस्थान 15:10 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 16:55 बजे, प्रस्थान 16:57 बजे, धनबाद आगमन 19:05 बजे प्रस्थान 19:10 बजे, जसीडीह आगमन 21:53 बजे प्रस्थान 21:55 बजे, झाझा आगमन 22:45 बजे प्रस्थान 22:55 बजे, किउल आगमन 23:55 बजे प्रस्थान 23:57 बजे, बरौनी आगमन 01:00 बजे प्रस्थान 01:10 बजे, समस्तिपुर आगमन 02:10 बजे प्रस्थान 02:15 बजे, दरभंगा आगमन 03:10 बजे प्रस्थान 03:15 बजे एवं जयनगर आगमन गुरुवार 06:00 बजे होगा ।

ट्रेन संख्या 08106 जयनगर – रांची होली स्पेशल दिनांक 13/03/2025 (गुरुवार) को जयनगर से प्रस्थान करेगी। (केवल एक ट्रिप)

ट्रेन का जयनगर प्रस्थान गुरुवार 12:10 बजे, दरभंगा आगमन 13:25 बजे प्रस्थान 13:30 बजे, समस्तिपुर आगमन 14:55 बजे प्रस्थान 15:00 बजे, बरौनी आगमन 16:00 बजे प्रस्थान 16:10 बजे, किउल आगमन 17:55 बजे प्रस्थान 18:20 बजे , झाझा आगमन 19:25 बजे प्रस्थान 19:27 बजे , जसीडीह आगमन 20:06 बजे प्रस्थान 20:08 बजे , धनबाद आगमन 22:35 बजे प्रस्थान 22:40 बजे , बोकारो स्टील सिटी आगमन 00:45 बजे प्रस्थान 00:47 बजे, मुरी आगमन 02:00 बजे प्रस्थान 02:02 बजे एवं रांची आगमन शुक्रवार 03:30 बजे होगा ।

इन ट्रेनों में एसएलआरडी के 02 कोच, सामान्य श्रेणी के 02 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 13 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 02 कोच एवं वातानुकूलित 2-टियर का 01 कोच, कुल 20 कोच होंगे।

# हर मुहिम को अंजाम तक पहुंचाता है रोटरी क्लब : अखिलेश




**रांचीः** रोटरी क्लब रांची के तत्वावधान में आर एन शाहदेव हॉल परिसर में व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रसिद्ध सुपर 30 के पूर्व छात्र आईआईटीयन व वर्तमान में सीसीएल की योजना लाल एवं लाडली के मुख्य फैकल्टी अखिलेश उपाध्याय ने कहा कि रोटरी विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। यह बड़े बदलाव लाने में सक्षम हैं। रोटरी ने किसी भी मुहिम को उसके अंजाम तक पहुंचा कर ही दम लिया है। पोलियो उन्मूलन भी रोटरी की ही देन है। श्री उपाध्याय ने सीसीएल के लाल एवं लाडली योजना की चर्चा करते हुए कहा कि इससे गरीब विद्यार्थियों के आईआईटीयन बनने का सपना पूरा हो रहा है। प्रत्येक वर्ष 40 छात्र-छात्रा को गांधीनगर डीएवी के प्रांगण में आईआईटीयन फैकल्टी द्वारा दो वर्ष तक कोचिंग कराई जाती है। प्लस टू की भी पढ़ाई जारी रहती है। कोचिंग के बाद इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए इन बच्चों का नामांकन अच्छे इंजीनियरिंग कॉलेज में स्कॉलरशिप के साथ होता रहा है। 2012 में योजना शुरू होने के बाद अबतक सैकड़ों बच्चे लाभान्वित हुए हैं। साधारण किसान, सब्जी बेचनेवाले, फेरी करने वाले, टेलर, निम्न मध्यम वर्ग, ठेका कर्मी जैसे परिवार से जुड़े बच्चे सफलता के झंडे गाड़ रहे हैं। ये बच्चे आज देश-दुनिया में लाखों के पैकेज पर हैं। श्री उपाध्याय ने कहा कि सफलता के लिए हर स्तर पर कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन की जरूरत होती है। रोटरी क्लब अपने माध्यम से इस महत्वपूर्ण योजना की जानकारी गरीब व टैलेंटेड बच्चों तक अवश्य पहुंचाने में सहयोग करे। रोटरी के सहयोग से किसी के आईआईटीयन बनने का सपना साकार हो सकता है। वैसे में बच्चे की सफलता पर गर्व केवल बच्चे या हमें नहीं होगी, बल्कि प्रत्येक रोटेरियन भी गर्व महसूस करेगा। व्याख्यानमाला में क्लब के अध्यक्ष गौरव बागरॉय ने कहा कि प्रत्येक रोटेरियन अपनी जिम्मेवारी को निभाने में अपना सौ प्रतिशत योगदान देता है। यह केवल कहने भर की बात नहीं है, बल्कि यह हर मौके पर साबित भी होता रहा है। हमारा प्रयास होगा कि किसी गरीब और टैलेंटेड बच्चे को उसकी सफलता के शिखर तक पहुंचा सकें।

# पहाड़ी मंदिर में भव्य होली समारोह का आयोजन



**रांचीः** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के द्वारा आज भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन पहाड़ी मंदिर परिसर में रखा गया जिसमे सैकड़ो शिव भक्त ढ़ोल नगाड़े के धुन पर झूमते रहे हैं महाकाल बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया एवं आरती के बाद सभी लोग महाकाल बाबा पर रंग अबीर अर्पण कर एक दूसरे को खूब रंग गुलाल लगाए । पूरा पहाड़ी मंदिर परिसर होली के रंगों में रंगा दिया । सभी लोग कल भारत के विश्व चैंपियन बने पर भी एक दूसरे को बधाई दिए। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासमिति के अध्यक्ष राजेश साहू ,प्रवक्ता बादल सिंह , राम सिंह , स्वपना चटर्जी , शुभाशीष चटर्जी , मिट्ठू घटक , मीरा गुप्ता, गीता पपनेजा , रश्मि अरोड़ा ,प्रिया सिन्हा, किरण घोष , सरिता गुप्ता , नदिता लाला , किरण तलेजा , रीना , जय प्रसाद , सविता गुप्ता , पायल सोनी , अमन सिंह , कत्यानी , माही ,प्रिया , अल्का , शिल्पी , आराध्या , रागनी जायसवाल आदि शिव भक्त मौजूद रहे। ये जानकारी बादल सिंह ने दिया।

# दो दिवसीय विशेष हीमोग्लोबिन जांच शिविर संपन्न



**बोकारो**। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मातृ-शिशु का सुरक्षा/बेहतर स्वास्थ्य जिले के लिए प्राथमिकता सूची में शामिल है। इसी क्रम में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर दो दिवसीय विशेष हीमोग्लोबिन जांच सोमवार को संपन्न हो गया। सोमवार को जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में सघन हीमोग्लोबिन जॉंच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन सदर अस्पताल बोकारो, अनुमण्डलीय अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किया गया। जहां सभी गर्भवती महिलाओं एवं धातृ महिलाओं/किशोरियों का हीमोग्लोबिन जांच किया गया।

इस दौरान चिकित्सक टीम द्वारा शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम होने से होने वाले नुकसान के संबंध में भी बताया गया।

वहीं, शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा को बूस्ट करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियां अपने आहार में शामिल करने की बात कहीं। महिलाओं को साग, पालक, शिमला मिर्च और ब्रोकली खाना चाहिए। इसके अलावा फलों (अनार, केला, चुकंदर, खजूर आदि ) का भी सेवन नियमित करने को कहा।

दो दिवसीय आयोजित शिविर में कुल 8,426 महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया। आज आयोजित शिविर में कुल 4,394 महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया। आयोजित शिविर में जरीडीह प्रखंड में 209 महिलाओं, चास प्रखंड में 562 महिलाओं, नावाडीह प्रखंड में 437 महिलाओं, चंदनकियारी प्रखंड में 310 महिलाओं, बेरमो प्रखंड में 650 महिलाओं, कसमार प्रखंड में 239 महिलाओं, पेटरवार प्रखंड में 422 महिलाओं, गोमिया प्रखंड में 925 महिलाओं एवं चास शहरी में 640 महिलाओं का हेमोग्लोबिन जांच किया गया। वहीं, रविवार को आयोजित शिविर में कुल 4,032 महिलाओं का हेमोग्लोबिन जांच किया गया था।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने किया गोविंदपुर व धनबाद अंचल कार्यालय का निरीक्षण



**बोकारो**। आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार ने सोमवार को गोविंदपुर एवं धनबाद अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने दोनों अंचल कार्यालय में सेवा पुस्तिका, कैश बुक, म्यूटेशन के मामले, विभिन्न पंजी का संधारण सहित अन्य का निरीक्षण किया।

दोनों अंचल कार्यालयों का निरीक्षण करने के बाद आयुक्त ने बताया कि सोमवार को सर्वर डाउन होने के कारण कई बिंदुओं का निरीक्षण नहीं कर सके।

साथ ही कहा कि उन्होंने अंचल अधिकारियों को नियत समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने, दाखिल खारिज सहित अन्य मामलों का समय पर निष्पादन करने, त्रुटि रहित काम करने का निर्देश दिया है।

वहीं लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे बीचौलियों से दूर रहें। व्यक्तिगत रूप से अंचल कार्यालय जाएं और अंचल अधिकारी से मिलकर अपना काम कराएं। आयुक्त ने कहा कि बीचौलियों को रोकने के लिए लोगों को जागरूक होना होगा और सहयोग करना होगा।

गोविंदपुर और धनबाद अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान आयुक्त के साथ अपर समाहर्ता विनोद कुमार मौजूद थे। जबकि गोविंदपुर अंचल कार्यालय में सीओ गोविंदपुर धर्मेन्द्र कुमार दुबे तथा धनबाद अंचल कार्यालय में सीओ धनबाद शशिकांत सिंकर मौजूद थे।

# मिलजुल कर मनाएं होली, पवित्रता से मनाएं रमजान : उपायुक्त



**धनबाद**। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में होली एवं रमजान त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक न्यू टाउन हॉल में आयोजित की गई।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि होली मिल जुलकर मनाने का त्योहार है। वहीं रमजान का महिना पवित्र माह है। सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। त्योहारों के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे इसलिए संवेदनशील स्थानों में स्टेटिक फोर्स तैनात रहेगी। इसके अलावा विभिन्न इलाकों में मोबाइल पेट्रोलिंग जारी रहेगी।

उपायुक्त ने कहा कि होली के अवसर पर डीजे बजाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। वहीं लाउडस्पीकर पर अश्लील गाना बजाने वालों पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि बैठक के दौरान पानी, बिजली, साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य जो भी समस्याएं सामने आई है उसका समाधान करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है।

वहीं पानी की समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 1800-8904-160 पर फोन कर सूचना दें। सूचना देने वाले को अपना होल्डिंग नंबर एवं वॉटर कनेक्शन नंबर दर्ज कराना होगा।

बैठक में सिटी एसपी श्री अजीत कुमार ने कहा कि त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी तरह की समस्या आने पर तुरंत प्रशासन और थाना को सूचित करें। स्वयं फैसला नहीं लें। युवकों पर नजर रखें। समाज का अहित चाहने वालों की सूचना पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों को प्रशासन ने चिन्हित कर लिया है।

# सावित्रीबाई फुले के पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ ने दी श्रद्धांजलि




हजारीबाग : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम मे जिला कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सावित्रीबाई फुले की 128 वीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ज्ञानी प्रसाद मेहता ने की । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र यादव व विशिष्ठ अतिथि दिगंबर मेहता थे । साथ ही संचालन जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान तथा धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ कांग्रेसी मिथिलेश दुबे ने किया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि इनका जन्म 03 जनवरी 1831 को हुआ था । इनका बाल विवाह 1841 को महान समाज सुधारक ज्योतिराव फुले से हुआ था । सावित्रीबाई फुले भारत के प्रथम बालिका विद्यालय की पहली प्रधानाध्यापिक और किसान स्कूल की संस्थापक थी । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक दिगम्बर प्रसाद मेहता ने कहा कि सावित्रीबाई फुले द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए दिखाए गए मार्ग का अनुसरण सभी को अपने सच्चे मन, आत्मा और भावना से करनी चाहिए । उन्होंने महिलाओं के लिए समानता की लड़ाई लड़ी । सामाजिक सुधारों की उनकी सोच शिक्षा और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी हुई है ।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी राजू चौरसिया महिला कांग्रेस अध्यक्ष बेबी देवी, सेवादल अध्यक्ष गुड्डु सिंह अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, रिंकू कुमार, सुनिल अग्रवाल सलीम रजा, दिलीप कुमार रवि, ऐके सुल्तान, परवेज अहमद थे।

# पटाखा दुकान में अचानक भीषण आग



झारखंड के गढ़वा जिले में सोमवार की दोपहर एक पटाखा दुकान में अचानक भीषण आग लगने से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मौके पर भारी संख्या में पुलिस मौजूद है। मामला रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना गांव का है, जो झारखण्ड और छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर स्थित है। आग इतनी तेजी थी कि मौजूद लोगों को भागने का मौका नहीं मिला। हालांकि, घायल में तीन बच्चों और दो युवको को पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

# गिरिडीह के उसरी फॉल में नहाने के दौरान डूबा किशोर, ट्यूशन का बहाना कर निकला था



**गिरिडीह** : में उसरी वॉटरफॉल में नहाने के दौरान 17 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सिहोडीह स्थित मोर्यपुरी कॉलोनी निवासी प्रिंस राज के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक प्रिंस रविवार सुबह 8:30 बजे ट्यूशन जाने का बहाना बनाकर दो दोस्तों के साथ घर से निकला था। प्रिंस अपने दोस्तों के साथ उसरी वाटरफॉल पहुंचा। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया। दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह डूब चुका था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक के पिता अर्जुन प्रसाद वर्मा ने बताया कि दोपहर एक बजे उन्हें प्रिंस के दोस्तों का फोन आया। जिसके बाद हम घटनास्थल पहुंचे।

# रामगढ़ SP ने बरलंगा थाना प्रभारी और ASI को किया



रामगढ़ : बरलंगा के थानेदार विकास आर्यन और एएसआई मंगल उरांव को सस्पेंड कर दिया गया। इन दोनों अधिकारियों को पुलिस कप्तान अजय कुमार ने सस्पेंड किया है। थानेदार और एएसआई पर एक शख्स के साथ थाना में बुल कर मारपीट करने का इल्जाम था। इल्जाम की जांच का जिम्मा SP अजय कुमार ने पतरातू SDPO को सौंपा था। SDPO ने जांच में माला सही पाया और रिपोर्ट बना कर SP अजय कुमार के हवाले कर दिया। थानेदार और एएसआई पर लगे इल्जाम को सही पाये जाने पर SP ने दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया।

यहां याद दिला दें कि सूबे के DGP अनुराग गुप्ता पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को पब्लिक के साथ अच्छा व्यवहार करने का सख्त निर्देश दे चुके हैं। वहीं, लापरवाह और अनुसाशनहीन पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई का निर्देश सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को दे चुके हैं। रामगढ़ SP में इसी आदेश अनुपालन करते हुए यह कार्रवाई की है। SP अजय कुमार ने कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को आमजनों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करने, अवैध कार्यों में संलिप्त नहीं रहने के लिए सचेत और निर्देशित किया गया है।

# सुडा निदेशक ने जिले का किया दौरा, शहरी जलापूर्ति योजना फेज टू



**बोकारो**। सोमवार को स्टेट अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (SUDA) के निदेशक, नगर विकास एवं आवास विभाग श्री अमीत कुमार द्वारा चास नगर निगम क्षेत्र में संचालित/प्रस्तावित महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली। इस क्रम में मुख्य रूप से शहरी जलापूर्ति योजना फेज 2, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, चास सेप्टेज योजना एवं लीगेसी वेस्ट (legacy waste) का समीक्षा एवं स्थल भ्रमण किया गया। चासशहरीपेयजलापूर्तिकेसंबंधमेंजुडको(JUIDCO)एवंजुस्को(JUSCO) को 31 मार्च 2025 तक कार्य को पूर्ण करते हुए ट्रायल प्रारंभ करने का निर्देश दिया।

भ्रमण क्रम में सुडा निदेशक ने दामोदर नदी किनारे निर्माणाधीन इंटेक वेल एवं वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में चल रहें कार्यों का भी जायजा लिया।

# सीएमपीडीआई एवं एफजीएस के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



रांचीः सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत झारखंड राज्य के 40 बेरोजगार युवाओं को ''फ्लेबोटोमी तकनीशियन'' पाठ्यक्रम में आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आज 'फ्रंटलाइन ग्लोबल सर्विसेज (एफजीएस)', रांची के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया। सीएमपीडीआई ने इस कार्यक्रम के लिए 44.20 लाख रूपये का बजट आवंटित किया है। फ्लेबोटोमी तजकनीशियन पाठ्यक्रम छात्रों को प्रयोगशाला, अस्पताल, नर्सिंग होमा, चिकित्सकों के कार्यालय, निजी क्लीनिक, रक्त बैंक, डायग्नोस्टिक सेंटर, इन्फ्यूजन सेंटर, रक्तदान केन्द्र आदि में कार्य करने का ज्ञान प्रदान करता है।

इस अवसर पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (पर्यावरण/सीएसआर)-सह-नोड्ल अधिकारी (सीएसआर) एसके भगत और एफजीएस की ट्रस्टी नीलोफर आरा के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। मौके पर सीएमपीडीआई (मुख्यालय) की एचआरडी/सीएसआर टीम और एफजीएस, रांची की टीम भी उपस्थिति रही।

# झारखंड चैंबर के फारेस्ट एंड टिम्बर उप समिति की बैठक चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी की अध्यक्षता में चैम्बर भवन में संपन्न हुई




रांचीः झारखंड चैंबर के फारेस्ट एंड टिम्बर उप समिति की बैठक चैम्बर अध्यक्ष परेश गट्टानी की अध्यक्षता में चैम्बर भवन में संपन्न हुई | बैठक में इस बात पर चर्चा की गयी कि झारखण्ड राज्य में काष्ठ आधारित उद्योगों को मंजूर लाइसेंस अथवा नवीकरण लागू तिथि से पांच वर्षों के लिए मान्य हो | जबकि कई राज्यों में वन विभाग 5 से 10 वर्षों के लिए नवीकरण कर रहा है, परन्तु झारखण्ड राज्य में वन विभाग द्वारा लाइसेंस का नवीकरण सिर्फ एक कैलेंडर वर्ष के लिए किया जा रहा है | जबकि राज्य सरकार का ही दूसरा विभाग 'कारखाना निरीक्षक' द्वारा उद्योगों को निर्गत लाइसेंस का नवीकरण 10 वर्षों के लिए किया जा रहा है | यह भी कहा गया कि झारखण्ड में भी वन विभाग द्वारा यदि सॉ मिलों का लाइसेंस 5 से 10 वर्षों के लिए किया जाता है, तो इससे कई समस्याओं का निदान हो सकता है | उप समिति के चेयरमैन तेजविंदरसिंह ने कहा कि साझेदारी में परिवर्तन व्यवसाय की एक सामान्य प्रक्रिया है | Partnership Act भी इसे मान्यता देता है, परन्तु झारखण्ड का वन विभाग इसे नहीं मानता और लाइसेंस धारक साझेदार की मृत्यु अथवा साझेदारी से हटने के बाद दूसरे साझेदार के नाम लाइसेंस स्वीकृत न कर इसे रद्द कर दे रहा है, जिससे सॉ मिल को बंद कर देने की विवशता हो जाती है | यह एक बहुत ही गंभीर समस्या है, जिससे व्यापारी वर्ग जूझ रहा है | अतः विभाग द्वारा इसे त्वरित संज्ञान में लेकर अनुज्ञप्ति में नाम ट्रान्सफर करने की अनुमति प्रदान करनी चाहिए | कई राज्यों में राज्यस्तरीय समिति ने ऐसी व्यवस्था कर रखी है ताकि नामित व्यक्ति स्वतः अनुज्ञप्ति धारक के रूप में सॉ मिल का संचालन कर सके | इस बात पर भी चर्चा की गयी कि यदि किसी का व्यवसाय बढ़ जाता है और उसे अतिरिक्त बैंड सा या ट्रॉली की आवश्यकता पड़ती है; तो विभाग इसे देने से इनकार कर देता है इससे व्यापारी के लिए बाधा तो उत्पन्न होती ही है साथ ही साथ राज्य की उन्नति में भी बड़ा प्रभाव पड़ता है।

# होली रमजान साथ साथ है शांति पूर्ण तरीके मनाए पर्वः थाना प्रभारी



रांची। डेली मार्केट थाना में सोमवार को होली और माहे रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में डेली मार्केट थाना प्रभारी राणा जय प्रकाश और शांति समिति के सदस्य जितेंद्र गुप्ता, हाजी फिरोज, विक्रम सिंह और डेली मार्केट के सदर मोहम्मद आदिल अफरोज, मोहम्मद नसीम, सुमन साव और रूपेश जयसवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान होली का त्योहार और रमजान शांतिपूर्ण तरीके से मनाने पर चर्चा हुई। इस दौरान डेली मार्केट थाना प्रभारी राणा जय प्रकाश ने कहा कि किसी भी तरह की अपवाह पर ध्यान नहीं दें और किसी तरह की समस्या हो तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें। वहीं इस दौरान उन्होंने कहा कि उपद्रव करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सभी ने होली का त्योहार और रमजान शांतिपूर्ण मानने की बात कही।

# होली रमजान साथ साथ है शांति पूर्ण तरीके मनाए पर्वः थाना प्रभारी



राँची //कुछ देर पहले कांटा टोली पुरुलिया रोड पुल के सटे दुकानों में आग लग गई है। आग की चपेट में आने से दो दुकानें जल कर खाक हो गई। बाकी को बचाने में स्थानीय लोग जुटे है। आग बुझाने के लिए दमकल कर्मि भी लगे है।

# फोर्स एनएक्सटी का नया अभियान

डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रीमियम ब्रांड फोर्स एनएक्सटी ने आधुनिक पुरुषों के लिए इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावे (एक्टिववियर) का सबसे पसंदीदा ब्रांड बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह आराम, शैली और आत्मविश्वास का बेहतरीन संयोजन पेश करता है। फोर्स एनएक्सटी के नवीनतम अभियान में साहसिक नारा " फॉर व्हाट्स एनएक्सटी " प्रस्तुत किया गया है, जो यह दर्शाता है कि इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावा अब केवल उपयोगी वस्त्र नहीं रह गये हैं, बल्कि व्यक्तिगत शैली, आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गये हैं।

डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विनोद कुमार गुप्ता ने कहा, "इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावा अब केवल उपयोगिता तक सीमित नहीं हैं; वे आत्म-अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और शैली का अभिन्न हिस्सा बन गये हैं।

# भीम आर्मी का किया गया संगठन विस्तार



**शिवहर** भीम आर्मी भारत एकता मिशन जिला अध्यक्ष भाई जगन्नाथ पासवान की अध्यक्षता में सोमवार को भीम आर्मी जिला प्रवक्ता कौशल कुमार के आवास पंचशील भवन शिवहर के प्रांगण में किया गया। इस दौरान पार्टी को सशक्त और धारदार बनाने हेतु विस्तार किया गया। शिवहर नगर वासी राम लड्डू राम को भीम आर्मी नगर अध्यक्ष के रूप में सर्व सहमति से चुना गया। वहीं भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष चन्द्र शेखर पासवान को चुना गया। चुने गए पदाधिकारी भाइयों से जिला अध्यक्ष भाई जगन्नाथ पासवान ने उम्मीद जताया कि पूर्ण विश्वास और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में हमारे संगठन के पदाधिकारी गण एक मत होकर भीम आर्मी संगठन को तथा चन्द्र शेखर आजाद, प्रदेश अध्यक्ष अमर ज्योति पासवान के हाथों को मजबूत किया जाएगा। मौके पर कौशल कुमार जिला प्रवक्ता, सुनील कुमार रंजन जिला कार्यकारी अध्यक्ष, मंजीत पासवान जिला उपाध्यक्ष, अनील पासवान जिला महासचिव, राकेश बैठा जिला जिला सचिव, विकास कुमार जिला उपाअध्यक्ष, उमेश राम जिला कोषाध्यक्ष, रॉबिन राम, साहेब पासवान, सुभाष राम, विजय राम तथा भीम आर्मी के अन्य साथी उपस्थित थे।

# सुडा निदेशक ने जिले का किया दौरा, शहरी जलापूर्ति योजना

**बोकारो**। सोमवार को स्टेट अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (SUDA) के निदेशक, नगर विकास एवं आवास विभाग श्री अमीत कुमार द्वारा चास नगर निगम क्षेत्र में संचालित/प्रस्तावित महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली।

इस क्रम में मुख्य रूप से शहरी जलापूर्ति योजना फेज 2, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, चास सेप्टेज योजना एवं लीगेसी वेस्ट (legacy waste) का समीक्षा एवं स्थल भ्रमण किया गया।

चास शहरी पेयजलापूर्ति के संबंध में जुडको (JUIDCO) एवं जुस्को (JUSCO) को 31 मार्च 2025 तक कार्य को पूर्ण करते हुए ट्रायल प्रारंभ करने का निर्देश दिया।

भ्रमण क्रम में सुडा निदेशक ने दामोदर नदी किनारे निर्माणाधीन इंटेक वेल एवं वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में चल रहें कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित पदाधिकारी को विद्युत




आपूर्ति शीघ्र बहाल करने का निर्देश दिया। ताकि वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट व इंटेक वेल, सभी भागों में ट्रायल की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएं। वहीं, चास इंव्रो प्राइवेट लिमिटेड को ठोस अवशिष्ट प्रबंधन का एवं सीमा लैब्स, नई दिल्ली को सेप्टेज प्रबंधन का कार्य चिह्नित भूमि पर करने का निर्देश दिया। उन्होंने टीम के साथ उक्त योजनाओं हेतु प्रस्तावित/चिन्हित भूमि का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान सुडा निदेशक ने योजना के डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) के अनुरूप जुडको एवं जुस्को को युद्ध स्तर पर सघन अभियान चलाकर शत प्रतिशत जलापूर्ति संयोजन निःशुल्क करने को कहा। कहा कि, उक्त जलापूर्ति योजना के तहत शहरवासियों को प्रति माह 5,000 लीटर मुफ्त पानी प्राप्त होगा। शहरवासियों को जलापूर्ति संयोजन के साथ निःशुल्क मीटर भी अधिष्ठापित किया जाएगा।

# अवैध अफीम की खेती विनष्ट किया

अवैध अफीम की खेती के खिलाफ अभियान चलाकर निम्नांकित थाना द्वारा विनष्ट किया गया हैः - पुलिस द्वारा चलाए जा रहे निरंतर जागरूकता अभियान से प्रभावित होकर टेबो थाना अंतर्गत ग्राम मनमारू में ग्रामीणो के द्वारा लगभग 01 एकड़ तथा बदगांव थाना अंतर्गत ग्राम कुमुर, कोमडेला, बारजो में ग्रामीणो के द्वारा लगभग 15 एकड़ । जिला में करीब 16 एकड़ में लगे अवैध अफीम की खेती को विनष्ट किया गया ।

# बाजपट्टी विधानसभा के विकास की ओर एक और प्रयास



**सीतामढ़ी** स्थानीय बाजपट्टी विधानसभा के विकास को नई गति देने के लिए बनगांव बोधायन मंदिर परिसर को पर्यटकीय विस्तार और 5 वर्ष पूर्व से स्वीकृत बाजपट्टी बाजार पुल के निर्माण को लेकर माननीय मुख्यमंत्री नीतिश कुमार से मुलाकात कर निवेदन किया गया है। पूर्व मंत्री डॉ रंजू गीता ने बताया कि सभी के सहयोग और आशीर्वाद से हम बाजपट्टी को एक समृद्ध और आधुनिक विधानसभा बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वाशन दिया है। जल्द ही विधानसभा की सूरत बादल जाएगी।

# जहां-तहां गोली चलाने में माहिर PLFI का मोस्ट वांटेड उग्रवादी

**लातेहार** : PLFI का मोस्ट वांटेड उग्रवादी विनोद परहिया उर्फ अर्जुन परहिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस उग्रवादी को बीते रविवार को लातेहार की मनिका पुलिस ने अरेस्ट किया। उसे मनिका थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव बरवैया से दबोचा गया। लातेहार में अलग-अलग शख्सियतों और कंपनियों से लेवी मांगने, धमकी देने और बेखटके जहां-तहां गोली चलाने में विनोद परहिया माहिर है। इस बात का खुलासा आज लातेहार पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने किया।



एसपी कुमार गौरव ने मीडिया को बताया कि गुजरे कुछ दिनों से PLFI के उग्रवादी विनोद परहिया उर्फ अर्जुन परहिया के मूवमेंट के बारे में लगातार सूचना मिल रही थी। इसी बीच बीते रविवार को इंफॉर्मेशन मिली कि विनोद परहिया उर्फ अर्जुन परहिया को मनिका थाना में देखा गया है। मिली सूचना पर SP ने मनिका थानेदार शशि कुमार की देखरेख में एक टीम गठित की और हर हाल में उग्रवादी को दबोचने का टास्क दिया। गठित टीम ने टेक्निकल सेल की मदद से लोकेशन का पता लगाया और रेड मारकर उग्रवादी विनोद परहिया को धर दबोचा। पुलिस कप्तान ने बताया कि विनोद परहिया की तलाश पुलिस कई सालों से कर रही थी। गिरफ्तार उग्रवादी के खिलाफ लातेहार के अलग-अलग थानों की पुलिस फाइल में कुल आठ मामले दर्ज हैं। उसे दबोचने में मनिका थानेदार शशि कुमार, एसआई सत्येंद्र कुमार और एएसआई रणधीर कुमार सिंह की भूमिका सराहनीय रही।

# अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी प्रशासन की कड़ी नजर : बीडीओ



**झंझारपुर** अनुमंडल के अड़रिया संग्राम एवं भैरवस्थान थाना परिसर में होली पर्व को शांतिपूर्वक माहौल में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अड़रिया संग्राम थाना पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीडीओ अभिलाषा पाठक ने कहा कि अफवाह फैलाने वाले के ऊपर कड़ी से कड़ी नजर रखें। साथ ही, शांतिपूर्वक माहौल में त्योहार को मनाने में लोग सहयोग करें। उन्होंने कहा कि लोग अमन चैन के साथ शांतिपूर्वक ढंग से होली का पर्व मनाये। होली में किसी को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसका ख्याल जरूर से जरूर रखें। थाना प्रभारी बलवंत कुमार ने कहा कि लोग आपसी भाईचारा के साथ होली का त्योहार मनाये। होली में शराब पीकर जो हुड़दंग मचाते पकड़े जाएंगे उसको जेल की हवा खानी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि होली को लेकर पुलिस गश्त तेज किया जायेगा। संवेदनशील जगह में पुलिस बल की व्यवस्था की जायेगी। अगर कोई अफवाह फैलता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। शांति समिति की बैठक में थाना के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कई गणमान्य लोग मौजूद थे। वहीं, भैरवस्थान थाना पर थानाध्यक्ष सुनील कुमार झा ने क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य लोगों के साथ शांति समिति की बैठक कर शांति पूर्वक होली पर्व मनाने की अपील की।

# शांति एवं दोस्ती का संदेश देने वाले साइक्लिस्टों का एसएसबी




**जयनगर** रविवार की देर संध्या जयनगर बाजार समिति स्थित 48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय पहुंचे प्रसिद्ध साइक्लिस्ट एवं पर्वतारोही सबिता महतो और साइक्लिस्ट शुभम पार्की का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ये दोनों साहसी साइक्लिस्ट 'Peace and Friendship Ride' के तहत कच्छ से नेपाल, भूटान और मिजोरम तक की 15 जनवरी 2025 से 15 अप्रैल 2025 तक चलने वाली यात्रा पर निकले हैं। जिसका उद्देश्य शांति और मित्रता का संदेश फैलाना है। सोमवार की सुबह कार्यवाहक कमांडेंट हरेंद्र सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर इन साइक्लिस्टों को 18 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल राजनगर के कार्यक्षेत्र से होते हुए आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारी एवं अन्य कार्मिक भी उपस्थित रहे। इस प्रेरणादायक अभियान का हिस्सा बने। कार्यक्रम के दौरान संतोष कुमार निमोरिया उप कमांडेंट मौजूद रहे। उन्होंने इस यात्रा को सफल हो, इसकी शुभकामनाएं दीं। यह यात्रा न केवल खेल और साहस का प्रतीक है, बल्कि विभिन्न संस्कृतियों के बीच आपसी सौहार्द और भाईचारे को भी बढ़ावा देने का कार्य कर रही।

# I.E.D बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से विनिष्ट किया

**चाइबासा**। प्रतिबंधित भा०क०पा० (माओ०) नक्सली संगठन के शीर्ष नेता *मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा / कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है. जिसके आलोक में चाईबासा पुलिस, कोबरा 203 BN. 209 BN. झारखण्ड जगुआर एवं सी०आर० पी०एफ० 26 BN, 60 BN, 134 BN, 174 BN, 193 BN. 197 BN, की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है।

इनके संबंध में विश्वस्त सूचना प्राप्त होने के आलोक में दिनांक 04.03.2025 से एक विशेष संयुक्त अभियान छोटानागरा एवं जराईकेला थाना के सीमावर्ती जंगली / पहाड़ी क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है।

अभियान के दौरान आज दिनांक 10.03.2025 को समय लगभग 01:45 बजे अपराह्न में जराईकेला थानान्तर्गत वनग्राम कुलापाबुरू के आस-पास जंगली / पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये 01 (एक) I.E.D बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से विनिष्ट किया गया है।

# "मानवीय जीवनमूल्यों के अनुपालन एवं संरक्षण के लिए सार्थक प्रयास" विषय पर व्याख्यान दिया

स्वामी वैद्य शाला आयुर्वेदिक पंचकर्म एवं फीजियो थेरेपी केंद्र, द्वारका सेक्टर 7 नई दिल्ली में एक विशेष कार्यक्रम दिनांक 09.मार्च रविवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री विश्व हिंदू परिषद, संस्कृत विद्वान एवं दार्शनिक आचार्य राधा कृष्ण मनोड़ी जी ने "मानवीय जीवनमूल्यों के अनुपालन एवं संरक्षण के लिए सार्थक प्रयास" विषय पर व्याख्यान दिया।








आचार्य राधा कृष्ण मनोड़ी जी ने अपने व्याख्यान में गीता के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे गीता के सिद्धांतों को अपनाकर हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि गीता में वर्णित कर्मयोग, भक्तियोग और ज्ञानयोग के माध्यम से हम अपने जीवन को अधिक अर्थपूर्ण बना सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने जीवन को संस्कारित करने के लिए सोलह संस्कारों का भी उल्लेख किया, एवं उसे अपनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में स्वामी वैद्य शाला के संस्थापक एवं अध्यक्ष वैद्य डॉ स्वामीनाथ मिश्र जी ने भी आयुर्वेद से जुड़ी बातें बताईं और लोगों को आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद के माध्यम से कई बीमारियों का इलाज किया जा सकता है। उन्होंने आयुर्वेदिक जीवन शैली को जीवन में अपनाने पर भी जोर दिया और बताया कि कैसे आयुर्वेदिक आहार और विहार हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में पंचकर्म विधि से कई शारीरिक-मानसिक समस्याएं दूर की जा सकती हैं।

कार्यक्रम का आयोजन स्वामी वैद्य शाला आयुर्वेदिक पंचकर्म एवं फीजियो थेरेपी केंद्र के द्वारा किया गया था। कार्यक्रम का प्रारंभ आचार्य श्री राधा कृष्ण मनोड़ी जी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, स्वस्ति वाचन पंडित श्री सतीश गौड़ एवं पंडित अजय जी के द्वारा किया गया। पूरे दिन भर चले इस कार्यक्रम में प्रश्नोत्तर के अंतर्गत अनेक महत्वपूर्ण प्रश्नों का समाधान आचार्य जी के द्वारा किया गया। भोजन से पूर्व प्राणायाम एवं मेडिटेशन का प्रायोगिक अभ्यास भी डॉ मिश्र जी द्वारा कराया गया।

इस कार्यक्रम में अनेक सम्मानित गण और ईष्ट मित्रों की उपस्थिति रही, जिसमें प्रमुख रूप से श्री राजनाथ पाण्डेय से. निवृत्त दिल्ली पुलिस, श्री राजेश शर्मा से. निवृत्त भारतीय सेना, कैप्टन मनोज सिंह, श्री शाश्वत जी, श्री सुनील सिंघल जी, श्री जनक जी, श्री हरीश जी, श्री अजय पंडित जी, श्री चंदेल जी, श्री रंजीत जी, श्री ज्ञानी जी, डॉ अवधेश पाण्डेय डायरेक्टर, डॉ शिवानी मिश्रा पाण्डेय संचालिका स्वामी वैद्य शाला, श्रीमती स्वाति मिश्रा कला आचार्या, श्री दिलीप मिश्र, श्री अभिषेक मिश्र, कु. दीपिका, कु. कोमल एवं कई गणमान्य भी मौजूद रहे।

# पुलिस ने छोटकी सांगी नोनिया टोल से नेपाली देशी शराब से भरी एक स्कार्पियो गाड़ी किया जप्त



**फुलपरास** स्थानीय थाना पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के को छोटकी सांगी नोनिया टोल से नेपाली देशी शराब से भरी एक स्कार्पियो गाड़ी को जप्त किया। शराब से भरी जप्त स्कार्पियो गाड़ी को थाना पर लाया गया और सभी शराब की बोतल को गाड़ी से निकल कर गिनती करने पर एक हजार आठ लीटर नेपाली देशी शराब बरामद किया। सभी शराब की बोतल प्लास्टिक की बोरी में बंद था। थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के सांगी नोनिया टोल में सड़क किनारे लावारिस हालत में नेपाली देशी शराब से भरी स्कार्पियो गाड़ी को जप्त किया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# होली, रमजान व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**कलुआही** स्थानीय थाना परिसर मे होली, रमजान व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष राहुल देव ने किया। जिसमें कलुआही अंचलाधिकारी मुकेश कुमार सिंह उपस्थित थे। शांति समिति की बैठक में कलुआही थाना क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि एवं कई दर्जन गन्यमाण लोग शामिल हुए। कलुआही थानाध्यक्ष राहूल देव ने शांति समिति की बैठक में कहा कि होली रंग, गुलाल एवं हर्षोल्लास का पर्व है।थानाध्यक्ष ने सभी लोगों से होली पर्व शांति, सौहार्द, हर्षोल्लास एवं भाईचारा माहौल में मनाने का अपील किया। उन्होंने बताया कि होली में हुड़दंग एवं डीजे पर अश्लील एवं फुहर गाना बजाने पर सख्त पाबंदी है। उन्होंने बताया कि जबरदस्ती किसी भी व्यक्ति को रंग एवं अबीर नहीं लगाना है। अंचलाधिकारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि इस माह रमजान का पवित्र महीना चल रहा है। होली के दिन ही रमजान माह का जुम्मा भी पड़ेगा।अंचलाधिकारी ने कहा कि दूसरे संप्रदाय के लोगों के साथ जबरदस्ती रंग अबीर नहीं लगाना है। सभी लोग होली पर्व भाईचारे के साथ मिलकर मनाए। थानाध्यक्ष राहुल देव ने सभी जनप्रतिनिधियों से शांति समिति की बैठक में कहा कि शराब बेचने वालों एवं शराब पीने वाले पर सख्त नजर रखें। इसकी सूचना तत्काल कलुआही पुलिस को दें। जिससे की वैसे व्यक्ति पर तुरंत अंकुश लगाया जाए। उन्होंने कहा होली पर्व में गलत अफवाह नहीं फैलावे और गलत अफवाह फैलाने वाले पर नजर रखे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कही भी देसी चुलाई शराब बनाया या बेचा जा रहा है तो तत्काल कलुआही पुलिस को गुप्त रूप से जानकारी दें।

# मुख्यमंत्री ने दिए 'फिट उत्तराखंड' अभियान चलाने के निर्देश

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में 'फिट उत्तराखंड' अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाए। उन्होंने अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्धन को निर्देशित किया कि सभी विभागों के साथ समन्वय कर इस अभियान के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए।

**स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा अभियान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि फिट उत्तराखंड अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के नागरिकों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और फिटनेस के प्रति जागरूक करना है, जिससे वे स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें। इस अभियान में शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों को भी शामिल किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें।

**योग, व्यायाम और खेल गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा**

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि फिट उत्तराखंड अभियान के तहत योग, व्यायाम और स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही, स्कूल और कॉलेजों में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए ताकि युवा पीढ़ी शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय और स्वस्थ रह सके।



**प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान को आगे बढ़ाएगा अभियान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मोटापा कम करने के लिए जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोगों को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए और खाने में तेल का उपयोग कम करने की आदत डालनी चाहिए। 'फिट उत्तराखंड' अभियान के माध्यम से इस संदेश को प्रदेशभर में प्रसारित किया जाएगा।

# जयनगर में सात दिवसीय एसएम मोइनुलहक मेमोरियल फुटबॉल कप का होगा आयोजन



**जयनगर** आगामी 18 मार्च से जयनगर प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में हो रहे सात दिवसीय एसएम मोइनुलहक मेमोरियल फुटबॉल कप 2025 टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को शहीद चौक स्थित अनूसूचित जाति जनजाति कार्यालय के सभागार में टाउन क्लब जयनगर व डीएफए मधुबनी के पदाधिकारियों की एक बैठक मुख्य पार्षद सह टाउन क्लब के अध्यक्ष कैलाश पासवान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जयनगर में पहली बार राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है। यह टूर्नामेंट 18 मार्च से 24 मार्च तक चलेगा। इस टूर्नामेंट में बिहार के पांच जिलों की टीम भाग लेगी। इसमें बाहर से आने वाले रेफरी व खिलाड़ियों के रहने, खाने व अन्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। इसपर टाउन क्लब के सदस्य पूरी नजर रखेंगे। बैठक में टाउन क्लब के सचिव पवन सिंह, सह सचिव सुभाष सिंह, डीएफए मधुबनी के सचिव सुनील कुमार प्रसाद, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार, सह सचिव शंभू पंजियार, उपाध्यक्ष गणेश पासवान, गणेश कामत, संतोष कुमार सिंह,दीपक गुप्ता, सुधीर गुप्ता, अरविन्द गुप्ता, विजय कुमार महतो, कृष्ण कुमार पासवान समेत अन्य उपस्थित थे।

# चोरी की बाइक के साथ चार गिरफ्तार, हथियार भी किया बरामद



**मधुबनी** विशेष समकालीन अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष पंडौल को गुप्त सूचना मिली कि तीन हथियार बंद अपराधकर्मी तेतराहा स्थित फेकू चौक के पास गाछी में किसी बड़े घटना को अंजाम देने के लिए इकठ्ठा हुए है। जिनके पास चोरी की गाड़ी भी है। इस सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए मिली सूचना के आलोक में कारवाई की गई तो 3 व्यक्ति को अवैध हथियार 1 देशी कट्टा,1 जिन्दा कारतूस, 1 मोबाईल तथा 1 चोरी की बाइक को बरामद किया गया। साथ ही, पकड़ाए गए तीनों व्यक्ति के निशानदेही पर 1 अन्य व्यक्ति को 1 मोबाईल और 1 चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया। इसके बाद कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में पंडौल के मोहनपुर निवासी सत्येन्द्र यादव, अवधेश मुखिया, तेतरहा निवासी राजन मुखिया, बासोपट्टी थाना क्षेत्र के घाटमढिया निवासी नीतीश कुमार शामिल है। गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने एक देशी कट्टा, एक जिन्दा कारतूस, दो मोबाईल, दो चोरी की बाइक बरामद किया है।

# 12 मार्च को जानकी मंदिर में होगा होली महोत्सव सह भव्य भजन संध्या

**सीतामढ़ी** श्री जानकी प्राकट्य स्थली तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, हनुमान सेना सीतामढ़ी धाम, महिला बिंग, चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं समस्त प्रकोष्ठों की ओर से शहर के जानकी स्थान स्थित रजत द्वार जानकी मंदिर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह का मुख्य आकर्षण भव्य भजन संध्या, प्रसाद वितरण व होली के पारंपरिक रंगों से सराबोर भक्ति का माहौल होगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए शहर के द्वारिका पैलेस में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें आयोजन की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारियों को सुनिश्चित किया।महासचिव सुवंश राय ने कहा कि यह आयोजन हमारी



संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखने का माध्यम है। जिसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मुख्य संरक्षक महंत विनोद दास जी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न होगा। अध्यक्ष वैदेही शरण झा ने कहा कि इस बार का होली मिलन समारोह पहले से अधिक भव्य होगा। जिसमें श्रद्धालुओं के लिए विशेष भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। अरविंद कुमार सिंह ने सभी पदाधिकारियों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक लोगों को इस आयोजन में सम्मिलित होने के लिए व्यक्तिगत रूप से आमंत्रण दें।

एक नजर

## पुतिन का पूर्व बॉडी गार्ड बनेगा उत्तराधिकारी! क्रीमिया कब्जे के मास्टरमाइंड के हाथ में होगी रूस की सत्ता? जानें कौन हैं एलेक्सी ड्यूमिन



**व्लादिमीर पुतिन पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति बने हैं। लेकिन हमेशा ये सवाल उठता रहता है कि आखिर उनके बाद सत्ता में कौन आएगा। अब पुतिन के पूर्व बॉडीगार्ड के उत्तराधिकारी बनने की अटकलें तेज हो गई है। पुतिन ने अपने पूर्व बॉडी गार्ड एलेक्सी ड्यूमिन को सलाहकार राज्य परिषद का सचिव बनाया है।**

**मॉस्को:** रूसी राष्ट्रपति पुतिन पांचवीं बार रूस की सत्ता में आ चुके हैं। अब उनके उत्तराधिकारी को लेकर अटकलें लग रही हैं। बुधवार को रूसी राष्ट्रपति ने अपने पूर्व बॉडी गार्ड एलेक्सी ड्यूमिन को सलाहकार राज्य परिषद का सचिव नियुक्त किया है। इस कदम से अब उनके रूसी राष्ट्रपति पद की क्षमता की अटकलें तेज हो गई हैं। पुतिन फिर छह वर्षों के लिए राष्ट्रपति चुने गए हैं। 51 साल के ड्यूमिन को उन्होंने रक्षा उद्योग की देखरेख का काम सौंपा है। इससे वह मॉस्को और सत्ता के केंद्र के करीब पहुंच गए हैं।

पुतिन द्वारा ड्यूमिन को स्टेट काउंसिल में नियुक्त करने से जुड़ा आदेश बुधवार को क्रेमलिन की वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया। हालांकि इसमें उनकी नई भूमिका के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। क्रेमलिन के पूर्व सलाहकार और पुतिन के समर्थक सर्गेई मार्कोव ने टेलीग्राम पर कहा, 'रूस का एलीट क्लास राज्य परिषद के सचिव के रूप में ड्यूमिन की नियुक्ति को लेकर उत्साहित है।' मार्कोव ने कहा, 'इसे इस बात की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है कि ड्युमिन रूस के भावी राष्ट्रपति हैं, जिन्हें पुतिन ने चुना है।'

**क्रेमलिन ने क्या कहा** उन्होंने कहा यह कुछ ऐसा था, जिसके बारे में लंबे समय से अफवाहें सुनने को मिल रही थीं। हालांकि अभी सार्वजनिक रूप से इसकी जानकारी नहीं है कि पुतिन का उत्तराधिकारी कौन हो सकता है। पुतिन इस समय 71 साल के हैं और अगले कई वर्षों तक उनके शासन की उम्मीद की जा रही है। उनकी हर नियुक्ति पर दुनिया की नजर होती है। माना जाता है कि वह इनमें से ही किसी को संभावित राष्ट्रपति उम्मीदवार बना सकते हैं। ड्यूमिन की नियुक्ति के बारे में पूछे जाने पर क्रेमलिन ने कहा कि यह एक रोटेशन का हिस्सा था। वह 72 साल के इगोर लेविटिन का पद संभालेंगे।

**कौन हैं ड्यूमिन** एलेक्सी ड्यूमिन का जन्म 28 अगस्त 1972 को कुर्स्क में जन्म हुआ था। उनके पिता मिलिट्री में एक डॉक्टर थे और मां टीचर थीं। साल 1995 में वह फेडरल गार्ड्स सर्विस (FSO) में शामिल हुए। राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन और प्रधान मंत्री विक्टर चेर्नोमिर्डिन दोनों के वह बॉडीगार्ड रहे हैं। अगस्त 1999 से ड्यूमिन ने पुतिन के पहले और दूसरे कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति के बॉडी गार्ड के रूप में काम किया। साल 2012 में ड्यूमिन को राष्ट्रपति बॉडी गार्ड का उप प्रमुख नियुक्त किया गया। 2014 में वह रूसी सैन्य खुफिया के उप प्रमुख बने। क्रीमिया पर कब्जे के पीछे प्रमुख लोगों में से ड्यूमिन भी थे। 2015 में उन्हें डिप्टी डिफेंस मिनिस्टर बनाया गया।

## दिल्ली नहीं यह है दुनिया की सबसे गर्म जगह, कहा जाता है मौत की घाटी

**वॉशिंगटन:** पृथ्वी पर आर्कटिक की जमा देने वाली ठंड के साथ-साथ सहारा के जलते रेगिस्तान भी हैं। भारत में भीषण गर्मी देखने को मिल रही है। दिल्ली के कई इलाकों में पारा 48 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर निकल गया है। जून की भीषण गर्मी से राहत मिलती नहीं दिख रही है। अनुमान के मुताबिक उत्तर भारत में मॉनसून जून के अंत तक पहुंचेगा। लेकिन ऐसा नहीं है कि भारत में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ रही है। दुनिया के टॉप 10 सबसे गर्म इलाकों की बात करें तो इसमें भारत नहीं है। आइए जानें इनके बारे में। यह लिस्ट उच्चतम दर्ज तापमान पर आधारित है।

# परमाणु बम बनाएंगे चाहे घास खाना पड़े... पाकिस्तान आज मना रहा न्यूक्लियर टेस्ट की खुशी लेकिन कंगाल हो गया जिन्ना का देश



***पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो ने भारत की बराबरी करने की कोशिश करते हुए कहा था कि पाकिस्तान भले ही घास या पत्तियां खाए, या फिर भूखा ही रहना पड़े लेकिन हम अपना परमाणु बम हासिल करेंगे। पाकिस्तान ने 28 मई 1998 को बलूचिस्तान में परमाणु परीक्षण किया था।***

*इस्लामाबाद*

*पाकिस्तान आज भले ही कंगाली की हालत में है और दुनिया के सामने भीख का कटोरा लेकर घूम रहा है लेकिन परमाणु बम पर गर्व करने से नहीं भूलता। पाकिस्तान ने 1998 में आज ही के दिन यानी 28 मई को परमाणु बम का सफल परीक्षण किया था। इस खुशी में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा की है। एक बयान में उन्होंने कहा कि 28 मई एक दिन को याद करने से कहीं ज्यादा है। 28 मई को 'यौम-ए-तकबीर' बताते हुए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने कहा कि इस दिन पूरे देश ने संकल्प लिया था कि किसी भी तरह के दबाव को स्वीकार करके देश की रक्षा और अखंडता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हालांकि, पाकिस्तान की इस उपलब्धि के साथ ही पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो का कहा भी सच हो गया जो उन्होंने देश के परमाणु कार्यक्रम को लेकर कहा था। शहबाज शरीफ ने कहा, 'इस ऐतिहासिक दिन 1998 में प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने पाकिस्तान को परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र बनाने के लिए दबाव और प्रलोभनों को नकार कर साहसिक नेतृत्व का प्रदर्शन किया था।' उन्होंने कहा, 'यौम-ए-तकबीर राजनीतिक और रक्षा बलों को देश की सुरक्षा के लिए एक झंडे, हरे अर्द्धचंद्राकार झंडे के नीचे एकजुट होने की याद दिलाता है।'*

***शहबाज ने भुट्टो को भी किया याद***

*पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने इस मौके पर पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को भी याद किया। शहबाज ने एक्स पर लिखा, 'मैं पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम के संस्थापक प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को उनकी रणनीतिक दूरदर्शिता और इस उद्देश्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।' ये विडंबना ही है कि शहबाज शरीफ जिसे पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम का क्रेडिट दे रहे हैं, उसी भुट्टो को पाकिस्तानी सेना ने फांसी पर लटका दिया था।* ***घास खाकर बनाएंगे परमाणु बम*** *पाकिस्तान ने 1998 में परमाणु ताकत बना था लेकिन भारत ने अपना पहला परमाणु परीक्षण 1974 में ही कर लिया था। भारत के परमाणु परीक्षण करने के बाद पाकिस्तान ने अपने परमाणु कार्यक्रम पर काम शुरू किया। इसके पहले 1965 में जब भुट्टो पाकिस्तान के विदेश मंत्री थे, उन्हें भारत के परमाणु कार्यक्रम के बारे में जानकारी मिली थी। उस समय भुट्टो ने कहा था, 'अगर भारत परमाणु बम बनाता है तो पाकिस्तान भले ही घास या पत्तियां खाए, चाहे भूखा ही रहे लेकिन हम अपना एक (परमाणु बम) हासिल करेंगे।' हालांकि, भुट्टो की इस घोषणा के बाद पाकिस्तान को परमामु बम हासिल करने में 3 दशक लग गए। इसके साथ ही भुट्टो का कहा भी सच हो गया। पाकिस्तान आज सच में भूखा है। लोगों को राशन देने के लिए वह आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक जैसी संस्थाओं का मुंह ताकता रहता है।* ***दुनिया का सबसे गरीब परमाणु शक्ति संपन्न देश*** *पाकिस्तान आज परमाणु शक्ति संपन्न देशों तो है लेकिन यह परमाणु हथियार रखने वाला दुनिया का सबसे गरीब देश है। पाकिस्तान को ये परमाणु बम भी अपनी क्षमता से नहीं हासिल हुआ, बल्कि इसके लिए उसे चोरी और जासूसी का गुप्त नेटवर्क तैयार करना पड़ा। एक्सपर्ट कहते हैं कि चीन की मदद के बिना पाकिस्तान का परमाणु बम कभी अस्तित्व में नहीं आता। सितम्बर 2023 में बुलेटिन ऑफ द एटॉमिक साइंटिस्ट में प्रकाशित एक विशेष रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के पास लगभग 170 परमाणु हथियारों का भंडार है।*

# डायबिटीज की अब खैर नहीं! चीन के वैज्ञानिकों ने किया बड़ा कमाल, खोज निकाला शुगर का ऐसा इलाज कि नहीं होगी इंसुलिन की जरूरत




**डायबिटीज आज के समय पूरी दुनिया के लिए समस्या बनी हुई है। इसे लेकर चीन के वैज्ञानिकों को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। चीनी वैज्ञानिकों ने सेल थेरेपी का इस्तेमाल करते हुए एक मरीज की डायबिटीज को पूरी तरह खत्म कर दिया। 11 सप्ताह में मरीज की इंसुलिन की जरूरत खत्म हो गई।**

बीजिंग

चीन के वैज्ञानिकों ने मेडिकल इतिहास में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। चीनी वैज्ञानिकों ने सेल थेरेपी का इस्तेमाल करते हुए एक मरीज की डायबिटीज को पूरी तरह ठीक कर दिया है। इस उपचार को शंघाई चांगझेंग अस्पताल, द सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन मॉलीक्यूलर सेल साइंस, द चायनीज अकादनी ऑफ साइंसेज और रेंजी हॉस्पिटल की एक टीम की ओर से विकसित किया गया था। जर्नल सेल डिस्कवरी में इससे जुड़ी जानकारी 30 अप्रैल को छापी गई है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक मरीज का जुलाई 2021 में सेल ट्रांसप्लांट हुआ था। ग्यारह सप्ताह के अंदर ही मरीज को बाहरी इंसुलिन की आवश्यक्ता नहीं रही। एक साल में उन्होंने दवाई लेना कम कर दिया और फिर बाद में पूरी तरह से बंद कर दिया। प्रमुख शोधकर्ताओं में से एक यिन ने कहा, 'फॉलो अप परीक्षण से पता चला है कि मरीज के अग्नाशयी आइलेट इंफेक्शन को प्रभावी ढंग से बहाल किया गया था।' मरीज अब 33 महीनों से बिना इंसुलिन के है। यह सफलता मधुमेह के लिए सेल थेरेपी में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है।

**क्या है मधुमेह?** ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर टिमोथी किफर ने इस स्टडी की प्रशंसा करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि यह अध्ययन मधुमेह के लिए सेल थेरेपी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रगति दिखाती है।' मधुमेह एक ऐसी बीमारी है, जो भोजन को ऊर्जा में परिवर्तित करने की शरीर की क्षमता को प्रभावित करती है, जिसको अगर ठीक से मैनेज न किया जाए तो गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं। पारंपरिक उपचार में इंसुलिन इंजेक्शन और निरंतर निगरानी शामिल होती है, जो रोगियों के लिए बोझिल हो सकती है।

**चीन में सबसे ज्यादा मधुमेह के रोगी** नई थेरेपी में रोगी के परिधीय रक्त मोनोन्यूक्लियर कोशिकाओं की प्रोग्रामिंग करना, उन्हें कृत्रिम वातावरण में अग्नाशयी आइलेट ऊतक को फिर से बनाने के लिए 'बीज कोशिकाओं' में बदलना शामिल है। यिन ने कहा, 'हमारी तकनीक परिपक्व हो गई है और इसने मधुमेह के इलाज के लिए पुनर्योजी चिकित्सा के क्षेत्र में सीमाओं को आगे बढ़ाया है।' चीन के लिए यह एक महत्वपूर्ण खोज है, क्योंकि सबसे अधिक डायबिटीज के मरीज यहीं हैं। अंतरराष्ट्रीय मधुमेह महासंघ के अनुसार, चीन में 14 करोड़ लोग मधुमेह से पीड़ित हैं। वहीं 4 करोड़ लोगों की निर्भरता इंसुलिन इंजेक्शन पर है। यह नई सेल थेरेपी चीन के बोझ को काफी हद तक कम कर सकती है।

# दक्षिण अफ्रीका के चुनाव में यूपी के 'गुप्ता ब्रदर्स' बने बड़ा मुद्दा, अजय गुप्ता की गिरफ्तारी पर राष्ट्रपति ने जुमा को घेरा

**जैकब जूमा के 2018 में राष्ट्रपति पद से हटने के बाद तीनों गुप्ता बंधु अपने परिवार के साथ दुबई चले गए। संयुक्त अरब अमीरात ने 2023 में राजेश और अतुल के प्रत्यर्पण के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया गया था।**



केपटाउनः

दक्षिण अफ्रीका में चर्चित गुप्ता बंधु एक बार फिर चर्चा में हैं। पिछले हफ्ते भारतीय अधिकारियों द्वारा तीन कुख्यात गुप्ता बंधुओं में से एक अजय गुप्ता की गिरफ्तारी चुनावी मौसम में दक्षिण अफ्रीका की सत्तारूढ़ अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) और देश के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के लिए एक बड़ा मौका लेकर आई है। एएनसी अब फिर से चुनाव की मांग कर रही है। अजय गुप्ता की गिरफ्तारी से इस समय के एएनसी नेतृत्व को पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा को निशाना बनाने का मौका मिल गया है। जुमा की सरकार में गुप्ता बंधुओं ने दक्षिण अफ्रीका में एक विवादास्पद व्यापारिक साम्राज्य चलाया। जुमा पर व्यक्तिगत लाभ के बदले गुप्ता बंधुओं का समर्थन करने का आरोप है। जुमा ने चुनाव लड़ने के लिए एक अलग इकाई का गठन किया है, जिसका लक्ष्य एएनसी समर्थकों के भीतर दरार पैदा करना और वोट हासिल करना है। यह एएनसी के लिए एक उच्च जोखिम वाला चुनाव है। अजय गुप्ता के अलावा उनके साले को भी आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। अजय गुप्ता के दो भाई भी फिलहाल संयुक्त अरब अमीरात में हिरासत में हैं। ईटी को ये जानकारी मिली है कि दक्षिण अफ्रीका ने भारत से अजय गुप्ता की गिरफ्तारी का ब्योरा देने का आग्रह किया है। इन तीनों गुप्ता बंधुओं को पहले दक्षिण अफ्रीका भगोड़ा घोषित कर चुका है। **सहारनपुर से अफ्रीका गए थे गुप्ता बंधु** गुप्ता परिवार की जड़ें उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में हैं। ये लोग 1993 में दक्षिण अफ्रीका गए थे। इस गुप्ता परिवार के प्रमुख सदस्य तीन भाई- अजय, अतुल और राजेश हैं। गुप्ता बंधुओं के अलावा इनकी पत्नियां भी इंटरपोल नोटिस का सामना कर रही हैं। 1993 में अतुल ने दक्षिण अफ्रीका में परिवार का पहला व्यवसाय सहारा कंप्यूटर्स शुरू किया था। इसके बाद तेजी से परिवार बढ़ा और दक्षिण अफ्रीका में गुप्ता परिवार की कंपनियों में कोयला खदानें, कंप्यूटर, समाचार पत्र और एक मीडिया आउटलेट शामिल थे। 2016 में अतुल 773.47 मिलियन डॉलर की अनुमानित संपत्ति के साथ दक्षिण अफ्रीका के सातवें सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। इंटरनेशनल कोर्ट से इजरायल को बड़ा झटका, राफा में हमला रोकने का आदेश, क्या मानेंगे नेतन्याहू?

## राफेल को देख घबराया चीन, तिब्बत में तैनात किया अपना सबसे शक्तिशाली फाइटर जेट J-20, बड़ा खतरा

**ताइवान में चल रहे तनाव के बीच चीन ने अब भारत की सीमा के पास जे-20 फाइटर जेट को तैनात किया है। चीन का दावा है कि यह फाइटर जेट स्टील्थ तकनीक से लैस है और कई घातक हथियारों से हमला कर सकता है। वहीं विश्लेषक इसकी स्टील्थ क्षमता पर सवाल उठाते हैं।**

**बीजिंग:** चीन ने भारत की सीमा के पास अपने पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट जे-20 को तैनात किया है। सैटलाइट तस्वीरों से खुलासा हुआ है कि चीन ने अभी दो दिन पहले ही जे-20 फाइटर जेट को तिब्बत में शिगात्से एयरबेस पर तैनात किया है। भारत ने भी चीन से निपटने के लिए सीमा की दूसरी ओर राफेल फाइटर जेट को तैनात किया है जो 4.5 पीढ़ी का लड़ाकू विमान माना जाता है। चीन एक तरफ जहां जे-20 को भेजकर ताइवान को डरा रहा है, वहीं अब उसने भारत की सीमा पर भी दबाव बढ़ाने की कोशिश की है। चीन की इसी नापाक चाल से निपटने के लिए भारत ने तिब्बत सीमा के पास एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम तैनात किया है। ताइवान के खिलाफ हाल ही में हुए जोरदार युद्धाभ्यास के दौरान चीन ने इस जे-20 फाइटर जेट का इस्तेमाल किया था। पहले ताइवान और अब भारतीय सीमा के पास जे-20 की तैनाती रणनीतिक हल्कों में चर्चा का विषय बन गया है। इससे भारत समेत पड़ोसी देश इस विमान की ताकत का आकलन करने में जुट गए हैं ताकि उससे निपटा जा सके। विश्लेषकों का कहना है कि चीन और ताइवान के बीच तनाव न केवल चुनौती पेश करता है बल्कि एक मौका भी देता है।

# ब्रिक्स में विस्तार पर चीन और रूस आए साथ, भारत को मंजूर नहीं, जानें जिनपिंग और पुतिन की चाल से क्या है खतरा

**चीन और रूस मिलकर ब्रिक्स के विस्तार पर जोर दे रहे हैं। ब्रिक्स के विस्तार के पीछे इन देशों की मंशा है कि पश्चिमी देशों को टक्कर दी जाए। वहीं भारत ने अब ब्रिक्स में तत्काल और नए देशों को शामिल किए जाने का विरोध किया है। हालांकि रूस और चीन अपनी बात पर कायम हैं।**



**मास्को/बीजिंग/नई दिल्लीः**

यूक्रेन में फंसे रूस को जूनियर पार्टनर बनाने के बाद अब चीन ब्रिक्स के एक और विस्तार के प्लान में जुट गया है। चीन और रूस की कोशिश है कि बांग् लादेश, थाइलैंड और तुर्की जैसे देशों को भी ब्रिक्स में शामिल किया जाए। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर 11 जून को रूस में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। वहीं अक्टूबर में ब्रिक्स देशों का शखिर सम्मेलन होने जा रहा है। अभी इस साल जनवरी में 6 देशों को ब्रिक्स में शामिल किया गया था। अब भारत को बांग्लादेश, तुर्की और थाइलैंड को ब्रिक्स में शामिल कए जाने को लेकर बड़ी चिंता है। इसी वजह से भारत चाहता है कि ब्रिक्स का एक और विस्तार कम से कम 5 साल के लिए अभी टाल दिया जाए। आइए समझते हैं कि भारत को ब्रिक्स के विस्तार पर क्या चिंता है और क्या नई दिल्ली इसे रोक पाएगा...

द हिंदू बिजनस लाइन की रिपोर्ट के मुताबिक भारत चाहता है कि ब्रिक्स में दूसरे ग्रुप को शामिल किए जाने से पहले 5 साल का अंतर होना चाहिए। भारत का मानना है कि इतने समय का अंतर होना ही चाहिए ताकि 6 नए सदस्य खुद को ब्रिक्स में अच्छे तरीके से समाहित कर सकें जो 1 जनवरी 2024 को ही शामिल हुए हैं। भारत ने इस बारे में ब्रिक्स के अन्य सदस्य देशों को खुलकर बता दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत की मंशा है कि ब्रिक्स के विस्तार की प्रक्रिया को थोड़ा धीमा रखा जाए जिसमें शुरू में केवल ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका और भारत ही सदस्य देश थे।

**भारत को क्यों सता रहा है चीन का डर?**

अब भारत को यह डर सता रहा है कि अगर ब्रिक्स का विस्तार किया जाता है तो यह चीन के पक्ष में झुका जाएगा और ड्रैगन का दबदबा बढ़ जाएगा। बता दें कि दुनिया के 30 से ज्यादा देश चाहते हैं कि वे ब्रिक्स का हिस्सा बनें। माना जा रहा है कि 10 और 11 जून को रूस में होने जा रही ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक में ब्रिक्स के विस्तार का मुद्दा प्रमुखता से उठ सकता है। भारतीय सूत्रों का कहना है कि यह पूरी तरह से स्पष्ट होता जा रहा है कि ब्रिक्स के विस्तार के जरिए चीन ब्रिक्स को बड़े विकासशील देशों का संगठन बनाना चाहता है ताकि वह जी 20 और अन्य अमेरिका के नेतृत्व वाले गुटों का विकल्प बन जाए। साथ ही साथ चीन इसके जरिए अपना दबदबा बढ़ाना चाहता है।

**अमेरिका को नहीं हजम हुई भारत रूस की दोस्ती! फिलीपींस के साथ बनाया स्क्वॉड** वहीं भारत चाहता है कि ब्रिक्स चीन की चंगुल में नहीं फंसे और अपने मूल स्वरूप में बना रहे। अभी जनवरी में ईरान, सऊदी अरब, मिस्र, आर्जेंटीना, यूएई और इथियोपिया को ब्रिक्स में शामिल किया गया है। इससे दुनिया के कुल जीडीपी का 30 फीसदी हिस्सा रखने वाले देश अब ब्रिक्स के सदस्य देश हैं। इन देशों में दुनिया की कुल आबादी का 46 फीसदी हिस्सा बसता है। भारत के विरोध के बाद भी नई दिल्ली को विस्तार में देरी के अपने लक्ष्य को हासिल करने में ब्राजील के मदद की सख्त जरूरत होगी। एक सूत्र ने कहा, 'ब्राजील भी नहीं चाहता है कि चीन का ब्रिक्स में प्रभाव बढ़े। हालांकि हमें अभी यह देखना होगा कि ब्राजील का आखिरी रुख क्या रहता है।

# सऊदी की किताबों में बदला इजरायल का चेहरा, फिलिस्तीन को नक्शे से हटाया, यहूदियों से दोस्ती का हाथ बढ़ा रहे प्रिंस सलमान?



*सऊदी अरब और इजरायल हाल के दिनों में करीब आए हैं। सऊदी इजरायल से रिश्ते सुधारना चाहता है। इसे देखते हुए सऊदी ने अपनी किताबों में धीरे-धीरे बदलाव करना शुरू कर दिया है। इजरायल विरोधी कुछ कंटेंट को हटाया गया है। इसके अलावा फिलिस्तीन के नक्शे में बदलाव किया गया है।*

*रियादः*

*सऊदी अरब धीरे-धीरे इजरायल के करीब हो रहा है। अब सऊदी अरब के एक बड़े कदम का खुलासा हुआ है। एक नए अध्ययन में पाया गया है कि सऊदी शिक्षा मंत्रालय ने पाठ्यपुस्तकों से इजरायल विरोधी सामग्री को हटा दिया है। वर्तमान सऊदी पाठ्यक्रम में यह एक महत्वपूर्ण बदलाव हैं। यह शोध लंदन में इंस्टीट्यूट फॉर मॉनिटरिंग पीस एंड कल्चर टॉलरेंस इन स्कूल एजुकेशन (IMPACT-SE) की ओर से आयोजित किया गया था। यह यूनेस्को मानकों के अनुसार शांति और सहिष्णुता को प्रोत्साहित करने के लिए दुनिया भर में पाठ्यपुस्तक सामग्री का विश्लेषण करता है। हाल के वर्षों में संस्थान ने हिंसक और यहूदी विरोधी सामग्री को हटाने में सऊदी पाठ्यपुस्तकों में महत्वपूर्ण सुधार दिखाते हुए कई अध्ययन प्रकाशित किए हैं, लेकिन पूरी तरह से इन्हें नहीं हटाया गया है। शोध में इस बात पर जोर दिया गया कि हाई स्कूल के छात्रों के लिए सामाजिक विज्ञान की एक पूरी पाठ्यपुस्तक, जिसमें इजरायल विरोधी सामग्री थी, को वर्तमान में स्कूल वर्ष से हटा दिया गया। IMPACT-SE के मुताबिक इजरायल और जायोनीवाद की तस्वीर बदल गई है।*

***क्या लिखा है किताब में*** *शोध में कहा गया छात्र अब वह कोर्स नहीं पढ़ते जो जायोनीवाद को एक नस्लवादी यूरोपीय आंदोलन बताती है, जिसका उद्देश्य फिलिस्तीनियों को निष्कासित करना, अपनी सीमाओं का विस्तार और तेल के कुओं और ईसाई और इस्लामी पवित्र स्थलों पर कब्जा करना है। फिलहाल अभी भी इजरायल को नक्शे पर मान्यता नहीं मिली है। लेकिन ऐसे नक्शे जो पूरे इजरायल को फिलिस्तीन के रूप में दिखाते थे, उन्हें कई जगहों से हटा दिया गया है। होलोकॉस्ट जिसे हिटलर की ओर से यहूदियों के नरसंहार के रूप में जाना जाता है वह पाठ्यक्रम में नहीं है। 1948 के युद्ध में अभी भी इजरायल को कब्जा करने वाला बताया गया है।*

***कई चीजें हटाई गईं*** *हाल के वर्षों में सऊदी अरब ने अपनी पाठ्यपुस्तकों में यहूदी विरोधी भावनाओं को कम कर दिया है। IMPACT-SE की पिछले रिपोर्ट में चार नकारात्मक उदाहरण बताए गए थे, जो अब हटा दिए गए हैं। इसके अलावा 21 अन्य उदाहरण भी हटाए गए। ईसाई और यहूदी धर्म का चित्रण भी सुधारा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक पाठ्यक्रम के 2023 संस्करण ने ईसाइयों और यहूदियों के खिलाफ उनके धार्मिक ग्रंथों में बदलाव करने के आरोपों को हटा दिया है।*

## नेचुरल जस्टिस के सिद्धांत का पालन कर निष्पादन में तेजी लाने तथा प्रचार प्रसार करने का निर्देश

**मुजफ्फरपुर** जिले में सर्टिफिकेट केस के निष्पादन तथा राजस्व वसूली में तेजी लाने हेतु राजस्व पर्षद, बिहार के अध्यक्ष केके पाठक की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक की गई। इसके लिए सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को सक्रिय एवं तत्पर होने तथा सरकारी प्रावधान एवं प्रक्रिया के तहत नोटिस निर्गत कर राजस्व वसूली के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिलांतर्गत सर्टिफिकेट केस की अद्यतन स्थिति का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके तहत सर्टिफिकेट पदाधिकारी की संख्या, सर्टिफिकेट केस के निष्पादन की स्थिति, लंबित मामलों की स्थिति, नोटिस निर्गत मामले, बडी वारंट तथा कुर्की जब्ती की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। बैठक में अवगत कराया गया कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत नीलाम शक्ति प्रदत्त पदाधिकारियों की संख्या 56 है। जिले में सर्टिफिकेट के दायर वादों की संख्या 43149 है। जिसमें सन्निहित राशि 68063 लाख है। जिले में सर्टिफिकेट के 4792 वादों का निष्पादन किया गया है जिसमें सन्निहित राशि 5290.58 लाख है। शेष 38357 मामले लंबित हैं। बैठक में नीलाम पत्र पदाधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए अध्यक्ष ने नेचुरल जस्टिस के सिद्धांत के आधार पर मामले का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस सिद्धांत के अनुपालन हेतु अधिकारियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत दोनों पक्षों की सुनवाई करने को कहा। साथ ही, अधिकारियों को विहित प्रक्रिया के तहत नोटिस निर्गत करने तथा तामिला कराने संबंधी दिशानिर्देश का पालन करने को कहा। नीलाम पत्र के मामलों के निष्पादन में तेजी लाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## एमडीडीएम कॉलेज में होली के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**मुजफ्फरपुर** महंत दर्शन दास महिला महाविद्यालय के कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा होली पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो कनुप्रिया के संबोधन से हुई। शिक्षा विभाग के श्रीनिवास सुधांशु और संगीत विभाग की छात्राओं ने होली के पर्व में सुरों के रंगों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रो किरण झा, डॉ प्रियम फ्रांसिस, डॉ सदफ, डॉ श्वेता सिंह और डॉ आभा रानी ने भी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो कनुप्रिया के साथ-साथ प्रो कुमारी सरोज, प्रो. स्वस्ति वर्मा, डॉ. अनुराधा सिंह, डॉ. प्रियम फ्रांसिस, डॉ. सदफ और डॉ रिंकू, प्रो किरण झा, प्रो स्वस्ति वर्मा, डॉ. अनुराधा सिंह, डॉ. नीलरेखा, डॉ. देवश्रुति घोष, डॉ नवनीता, डॉ. अर्चना, डॉ नीरजा, डॉ. सरिता, डॉ. श्वेता सिंह, डॉ दीपमाला, डॉ. सुजाता, डॉ. नूतन, डॉ. आशा सिंह यादव के साथ-साथ तमाम शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नियाज़ अहमद लगन व परिश्रम से सफलता प्राप्त कर बने शिक्षक



**शिवहर** 10 से 29 मार्च तक चलने वाली मिशन परिवार विकास अभियान के तहत पांचों प्रखंडों में 10 तारीख से लेकर 14 तारीख तक सारथी रथ अलग-अलग गाव में जाकर परिवार नियोजन के संबंधित समुदाय के लोगों को जागरुक करेगी।जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय एवं जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंहा के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर सारथि रथ को रवाना किया गया। इस अभियान में सहयोगी संस्था पीरामल से जिला प्रबंधक आकांक्षा कुमारी एवं प्रोग्राम लीडर राकेश ठाकुर एवं मो. जावेद हुसैन उपस्थित रहे।

## सीमित आय वाले लोगों के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना हो रही वरदान साबित : रेखा झा

**शिवहर** बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ जिला इकाई शिवहर अपने लंबित वेतन मांगो सहित अन्य मांगों को लेकर 11 मार्च मंगलवार को कार्य स्थल पर रहकर ओपीडी का पूर्ण बहिष्कार करेंगे। संघ की ओर से बताया गया कि सभी 16 चिकित्सकों के विरुद्ध कोई भी कार्रवाई नहीं करने, बिना बायोमेट्रिक हाजिरी के लिए चिकित्सकों को बाध्य नहीं करने एवं इसके आधार पर किसी भी चिकित्सको का वेतन बंद नहीं करने सहित कई मांगे रखी गई है। बताया गया कि गत 6 मार्च को मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी को कार्य बहिष्कार करने का अनुरोध किया जा चुका है। इसके बावजूद भी हमारी बातों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। तब मजबूर होकर हम लोग 11 मार्च को कार्यस्थल पर रहकर ओपीडी का पूर्ण बहिष्कार करेंगे। लेकिन आपातकालीन सेवा यथावत रहेगी। संघ के सभी चिकित्सकों ने अपना हस्ताक्षर कर ओपीडी बंद कर हड़ताल पर जाने की बात कही है।

## सीमित आय वाले लोगों के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना हो रही वरदान साबित : रेखा झा

**सीतामढ़ी** नगर भाजपा विधायक डा मिथिलेश कुमार ने बिहार विधान सभा में बिहार गृहरक्षा वाहिनी में कार्यरत कर्मियों को अन्य सरकारी कर्मियों की तरह मानदेय के हिसाब से दैनिक भत्ता व अन्य सरकारी सुविधा उपलब्ध कराने का मुद्दा उठाया। विधायक ने कहा कि बिहार गृह रक्षा वाहिनी कर्मियों को मानदेय का भुगतान किया जा रहा है। लेकिन अन्य सरकारी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इसके कारण इन्हें परिवार का भरण पोषण करने में कठिनाई हो रही है। जबकि



बिहार गृह रक्षा वाहिनी कर्मी सरकारी सभी कार्यों में वेतन भोगी कर्मियों की तरह ही सहयोग करते हैं। ऐसी स्थिति में बिहार गृह रक्षा वाहिनी कर्मियों को मानदेय के हिसाब से दैनिक भत्ता एवं अन्य सुविधा मुहैया करने का सरकार से सदन के माध्यम से मांग करता हूं।

## देर रात सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल, डीएमसीएच रेफर

**झंझारपुर** भैरवस्थान थाना के लोहना हटिया के पास रविवार की देर रात करीब 9:30 बजे एनएच 27 पर सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिसे स्थानीय लोगों ने ऑटो से उठाकर दोनों घायलों को झंझारपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों के द्वारा दोनों की प्राथमिक इलाज किए जाने के बाद गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया है। घायलों में सकरी पंडोल गांव निवासी 26 वर्षीय रंजन कुमार और दरभंगा जिला के तारडीह प्रखंड के श्रीरामपुर गांव निवासी 25 वर्षीय मनोज चौपाल शामिल है। घटना के बाबत बताया जाता है कि घायल मनोज चौपाल अपने बहन के यहां लोहना मुंडन कार्य में पहुंचे थे। वे रात करीब 9:30 बजे शौच के लिए एनएच 27 पार कर रहे थे कि उसी वक्त फुलपरास की ओर से सकरी पंडोल गांव निवासी रंजन की तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने जबरदस्त टक्कर मारी।

# भाजपा की ओर से पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी की ओर से सम्मेलन आयोजित

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से रीगा रोड स्थित द्वारिका पैलेस में 'अटल विरासत सम्मेलन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राम सूरत राय ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व पर चर्चा की। वहीं देश के विकास में उनके योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से अटल जी की दूरदृष्टि, उनके समुदाय और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अटल जी के



नेतृत्व में भारत एक मजबूत राष्ट्र बना। उनका कुशल नेतृत्व सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य अटल जी की यादों को संजोना, उनके राष्ट्र के योगदान को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना और उनके विचारों को जन-जन तक फैलाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने की। मौके पर प्रो उमेश चन्द्र झा, दिनकर पंडित, अरुण गोप, राम आधार महतो, डा. शत्रुघ्न यादव, राम इकबाल मंडल, संदीप राय, विशाल सिंह, अजित कुमार, राजू श्रीवास्तव, गोपाल कुमार, सुभाष केशरी, रीता शर्मा, भारती देवी, किरण ठाकुर, संगीता झा, शोभा देवी, बेबी नर्मदा, प्रभा देवी, प्रिंस तिवारी, उमेश गिरी, मीडिया प्रभारी सह जिला प्रवक्ता रमण कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## होली के सुरक्षित व शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने तथा विधि व्यवस्था संधारित रखने का दिया निर्देश

**मुजफ्फरपुर** जिलाधिकारी ने कहा है कि रंगों का त्योहार होली हंसी-खुशी तथा शांति सद्भाव का महान पर्व है। इसलिए सभी लोग आपसी प्रेम और भाईचारा कायम रखते हुए पर्व का शांतिपूर्ण रूप से सुरक्षित एवं संयमित होकर आयोजन करें। उन्होंने जिलावासियों से शांति व्यवस्था तथा विधि व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का अपेक्षित सहयोग करने की अपील की है। बाबा गरीब नाथ मंदिर के प्रधान पुजारी तथा शांति समिति के सदस्य विनय पाठक ने कहा है कि पंचांग के अनुसार 13 मार्च को होलिका दहन व 15 मार्च को होली मनाया जाएगा। इस आशय की जानकारी शांति समिति की बैठक में भी सदस्यों को दी गई थी। होली पर्व के सफल एवं सुचारु आयोजन हेतु अधिकारीद्वय ने थानाध्यक्ष, प्रखंड विकास पदाधिकारी,



अंचलाधिकारी को होलिका दहन वाले स्थलों को चिन्हित करने तथा स्थलीय विजिट कर स्थिति का जायजा लेने का निर्देश दिया गया। बैठक में अवगत कराया गया कि होलिका दहन का आयोजन किसी संवेदनशील एवं विवादित स्थल पर न हो। अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी एवं पश्चिमी को होलिका दहन स्थलों से संबंधित रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया। सामाजिक विद्वेष पैदा करने वाले, सामाजिक सद्भाव भंग करने वाले तथा अफवाह फैलाने वाले, विधि व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक और उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने असामाजिक तत्वों के विरुद्ध 107 की निरोधात्मक कार्रवाई में तेजी लाने तथा प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा। डीजे का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। इसके लिए डीजे एवं साउंड बाक्स थानों में जब्त रखने का निर्देश दिया गया। भोजपुरी के सस्ते दोहरी अर्थ वाले अश्लील गानों के प्रसारण पर रोक लगाया गया है।

## राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिला कार्यालय में होली महोत्सव का आयोजन



**सीतामढ़ी** राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से शहर के बरियारपुर फोर लेन स्थित जिला कार्यालय में होली महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रिका पासवान व संचालन मोहम्मद संजीर आलम 'मंसूरी ' ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि होली रंगों के साथ सामाजिक समरसता का पर्व है। समारोह का मुख्य उद्देश्य है कि समाज के सभी वर्ग के लोगों को आपस में भाईचारा बनाकर होली का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प लेने का संदेश देने का है। उन्होंने कहा कि बथनाहा सहित जिले के सभी आठों विधानसभा के मतदाता मालिकों को होली की हार्दिक शुभकामना देने के साथ आग्रह करता हूं कि खुशियों के त्योहार को प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं।

## शराब की खेप को मधेपुर पुलिस ने जब्त कर लिया



**मधेपुर** होली पर्व में खपत के लिए मंगवाई गई शराब की खेप को मधेपुर पुलिस ने जब्त कर लिया। यह कार्रवाई मधेपुर थाना क्षेत्र के नवादा पंचायत के धरिकारी टोला के वार्ड दो में पुलिस ने छापेमारी कर किया । यहां एक आवासीय घर से पुलिस ने 145 बोतल विदेशी शराब जब्त किया। जब्त शराब हरियाणा एवं पंजाब राज्य निर्मित है। यह कार्रवाई रविवार सुबह लगभग 10:30 बजे कार्यकारी थानाध्यक्ष एसआई त्रिवेणी प्रसाद सिंह, एएसआई विकास कुमार सिंह, एएसआई विनय कुमार सहित अन्य पुलिस बलों के सहयोग से किया।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल जीवन हरियाली हेतु चलाया गया जागरूकता




शिवहर जिला जनसंपर्क विभाग के तत्वाधान में चित्रांश शारदे रंगमंच के कलाकारों द्वारा जल जीवन हरियाली को लेकर नुक्कड़ नाटक दिखाया गया। नाटक के अंतिम दिन सोमवार को चमनपुर चौक, बबली चौक कुशहर चौक में नुक्कड़ नाटक के जरिए बताया गया कि हमारे लिए जल और हरियाली कितना महत्वपूर्ण है। टीम लीडर नितेश कुमार अस्थाना द्वारा बताया गया कि मनुष्य के जीवन के लिए जल और हरियाली दोनों जरूरी हैं। इसलिए पानी की बर्बादी नहीं करें। इसका आवश्यकतानुसार ही उपयोग करें। हरियाली के लिए पेड़ पौधा लगावे। जन्मदिन हो या शादी के सालगिरह पर पेड़ लगावे। कलाकार नितेश कुमार अस्थाना, नंदलाल राम, सतीश ठाकुर, अंबिका सिंह यादव, विकास कुमार, चन्दन कुमार, टुन्ना कुमार, मुन्ना गिरी, चांदनी कुमारी, पुतुल आदि मौजूद थे।

## भाजपा नेता सह विस प्रत्याशी राधाकान्त गुप्ता होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया



**शिवहर** होली पर्व का उत्साह पूरे जोरों पर नजर आ रहा है। शहर में कई सामाजिक, धार्मिक, स्वयंसेवी संगठनों ने होली मिलन समारोह के आयोजन किया। भाजपा नेता सह विधानसभा प्रत्याशी राधाकान्त गुप्ता उर्फ बच्चु द्वारा शहर के एक विवाह भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान रंग-गुलाल के साथ फूलों की होली खेली गई। वृन्दावन मथुरा सा नजारा दिखा। गीत-संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पंरपरागत फाग गीत का आनंद लिया तो हास्य की प्रस्तुति की। लोगों ने भी एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। कार्यक्रम में सुमधुर आवाज में फाग गीत और भजन प्रस्तुत किए। गायन के साथ राधा कृष्ण के नृत्य के साथ गुलाल एवं फूलों की होली खेली गई। समाज के लोगों ने गीत संगीत के साथ ठंडाई एवं भोजन का आनंद लिया। समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर फाग गीत गाए और होली खेली। भाजपा नेता राधाकान्त गुप्ता उर्फ बच्चु ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। भाजपा नेता राधाकांत गुप्ता उर्फ बच्चू जी ने आपसी सौहार्द पूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है।

## स्वास्थ्य कर्मियों को यक्ष्मा रोग की रोकथाम के लिए दिया गया प्रशिक्षण



**झंझारपुर** यक्ष्मा रोग की रोकथाम के लिए झंझारपुर अनुमंडलीय अस्पताल के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण एवं कार्यशाला में स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता करते हुए अस्पताल के डीएस डॉ. रमण पासवान ने कार्यशाला में शामिल स्वास्थ्य कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के गाइडलाइन के अनुसार पंचायत स्तर से यक्ष्मा की रोकथाम किए जाने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए इस कार्य में लगे स्वास्थ्य कर्मियों में चिकित्सक, एएनएम, जीएनएम आशा फैसलेटर को आदेश दिया गया है कि वह पंचायत स्तर से इस रोग के मरीजों को चिन्हित कर रिपोर्ट सम्मिट करें। साथ ही, चिन्हित रोगियों को दवा भी समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इस रोग के मरीज को दवा आपूर्ति करने के साथ ही उन्हें सरकार के द्वारा प्रत्येक माह 1000 रुपए की राशि दी जाती है। इस कार्यशाला में डॉ. बसंत महतो, डॉ. सुनीता कुमारी, डॉ. अनुप्रिया, बीसीएम विक्रम कुमार, लैब टेकनीशियन कार्तिक प्रसाद, जीएनएम विभा कुमारी, मालती कुमारी, गायत्री कुमारी, शांति कुमारी, मीरा कुमारी, अस्पताल प्रबंधक पिंटू खां आदि शामिल थे।

## रोजा तोड़कर ई क़मर ने किया रक्तदान, नवीन झा को मिला जीवनदान



**सीतामढ़ी** जिले से मानवता का संदेश देने का एक मामला सामने आया है। एक मुस्लिम युवक ने ब्लड दान कर हिंदू युवक की जान बचाई। रोजेदार शख्स के इस कदम की सराहना हो रही है। रैन विष्णु रुन्नी सैदपुर निवासी नवीन कुमार झा को इलाज़ हेतु सदर अस्पताल मुजफ्फरपुर लाया गया था। डॉक्टर की जांच में पता चला कि नवीन कुमार झा को ओ-पॉजिटिव दो यूनिट ब्लड चाहिए। ई क़मर अफजल ने ब्लड देकर उनकी जान बचाई। ई. कमर ने बताया कि सभी मजहबों में इंसानियत सबसे ऊपर है। कमर ने 'मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना...' गीत को चरितार्थ किया है। गौरतलब है कि रुन्नी सैदपुर के रहने वाले नवीन कुमार झा को जिला सदर अस्पताल मुजफ्फरपुर लाया गया था। डॉक्टर ने चेकअप के बाद बताया कि झा के शरीर में खून कम है, दो यूनिट खून चढ़ाना पड़ेगा। ये सुनकर परिजनों ने ब्लड की व्यवस्था करनी शुरू की। उन्होंने जैसे-तैसे एक यूनिट ब्लड की व्यवस्था तो कर ली। लेकिन दूसरे की नहीं हो पा रही थी। परिजनों ने जब जिले के रक्तदाताओं की लिस्ट निकाली तो पता चला कि ई. कमर ब्लड दान करते हैं। डॉक्टर ने सेम ब्लड ग्रुप होने पर ई. कमर से सम्पर्क किया। पवित्र रमजान में रोजेदार होने के बाद भी कमर ने इंसानियत का फर्ज निभाया और हिंदू युवक के लिए ब्लज दिया।

## लॉ कॉलेज में एलएलबी एवं बीए एलएलबी के छात्रों के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन




**मुजफ्फरपुर** एसकेजे लॉ कॉलेज के हेमंत शाही सभागार में एलएलबी एवं बीए एलएलबी के सत्र 2024-25 के छात्रों के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष एसके मिश्रा ने उपस्थित नए नामांकित छात्र छात्रों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीवन में सफल होने के लिए ज्ञान एवं कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। तभी लक्ष्य की प्राप्ति हो सकती है। उन्होंने नए छात्रों के नियमित उपस्थिति पर जोर डाला एवं बताया कि इसमें छात्र-छात्राओं का समग्र विकास होता है। जीवन में वह पूरी तरह से सफल होते हैं। उन्होंने सर्वोच्च उपस्थिति वाले छात्रों के लिए पुरस्कार की भी घोषणा की। वहीं सचिव डॉ उज्ज्वला मिश्रा ने कहा कि यह कॉलेज पूरे बिहार में विधि शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों की पहली पसंद है। इस कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्रों के अनगिनत सफलता के मुकाम को प्राप्त करने के बारे में बताकर नए छात्रों को भी कॉलेज की गरिमा एवं सम्मान को और अधिक ऊंचा उठने के लिए उत्साह से भर दिया प्राचार्य डॉ केकेएन तिवारी ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को अपनी पढ़ाई के प्रति सजग रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

## जदयू के प्रदेश महासचिव मोहम्मद नेमतुल्लाह ने प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा से की मुलाकात



**जन प्रवाद । शिवहर**जदयू के प्रदेश महासचिव व शिवहर प्रखंड के गढ़वा निवासी मोहम्मद नेमतुल्लाह ने जदयू पटना स्थित कार्यालय में बिहार प्रदेश जनता दल (यू) प्रदेश अध्यक्ष बीस सूत्री के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा से की मुलाकात। उन्होंने मुलाकात कर शिवहर विधानसभा में उत्पन्न समस्याओं से अवगत कराया है तथा बिहार के विभिन्न विद्यालयों में जारी समस्या को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की है। शिवहर के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा है कि शिवहर ऐसे ही छोटा जिला है। वहां पर पर बहुत सारी समस्या है। हम सब कार्यकर्ता मिलकर संगठन की मजबूती को लेकर युद्ध स्तर से कार्य करेंगे और एक-एक गांव से लोगों को पार्टी से जोड़ेंगे।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन



**सीतामढ़ी** आर्या पब्लिक स्कूल बथनाहा में निजी विद्यालय के संचालकों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाहर से आए हुए गायक कलाकारों ने होली गीत गाकर सबों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के निर्देशकों ने भाग लिया। भाग लेने वाले आर्या पब्लिक स्कूल के निर्देशक संजीत झा, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष दिनेश चंद द्विवेदी, उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार मिश्रा, महासचिव महेश कुमार सिंह, संयोजक मोहम्मद शमशाद खा, ध्रुवासा पब्लिक स्कूल के संचालक अभिषेक मिश्रा, टॉप टेन स्कूल के निदेशक, ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल के निदेशक, आदर्श विद्यालय के प्राचार्य अमर कुमार, रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक एवं नॉर्थ जोन के अध्यक्ष राम भजन कुमार, शारदा निकेतन पब्लिक स्कूल के निदेशक उपेंद्र कुमार, माउंट फोर्ड स्कूल के निर्देशक आनंद कुमार मिश्रा, होली मिशन स्कूल के संचालक सत्येंद्र मंडल, ओरिएंटल पब्लिक स्कूल, आर्यन पब्लिक स्कूल, ज्ञान निकेतन हाई स्कूल, दिव्या ज्योति स्कूल एवं संस्कार भारती प्राइवेट स्कूल मझौलिया इत्यादि 50 स्कूलों के संचालक गण ने भाग लिया। कार्यक्रम काफी सराहनीय रहा।

# होली में एक ही प्रेम व भाईचारे के रंग में रंग जाते हैं लोग



सीतामढ़ी शहर से सटे भैरो कोठी स्थित समाजसेवी जितेश झा के आवास पर होली मिलन समारोह का धूमधाम से आयोजन किया गया। समर्थकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में फगुआ के गीतों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर जितेश झा ने जिलेवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली सनातन धर्म का एक महत्वपूर्व त्योहार है। समारोह में युवा वर्ग से लेकर बुजुर्गो तक होली के परंपरागत गीतों की धुन पर झूमकर समारोह में जश्न मनाते रहे। ' सोनपुर में रंग बरसे, बाबा हरिहर नाथ....व ' रंग बरसे चुनर वाली, रंग बरसे...' पर झूमते रहे। उन्होंने कहा कि रंगो का त्योहार होली सामाजिक एकता व आपसी सदभाव का पैगाम लेकर आता हैं। समाज के वुजुर्गो का आशीर्वाद व युवा साथियों से एकसाथ मिलन का बेहतर अवसर है। होली में जाति, गरीबी और अमीरी के सारे भेदभाव मिट जाते हैं। अमीर गरीब सभी जाति धर्म से ऊपर उठकर आपसी सौहार्द तथा और भाईचारे के साथ होली मनाते हैं। होली मिलन समारोह उसी का एक स्वरूप है। हर्षवर्धन मिश्रा परशुराम सेना जिला अध्यक्ष सहित सैकड़ों गणमान्य उपस्थित हुए और एक दूसरे को गुलाल अबीर लगा कर होली खेली।

# रिलेशनशिप- रिश्ते में चुप्पी से ज्यादा जरूरी मुखरता:मन की बात न छिपाएं, न दबाएं, पार्टनर की हां में हां न मिलाएं

कहते हैं कि एक अच्छा रिश्ता सुखद जिंदगी की सबसे बड़ी जरूरत है। लेकिन रिश्ते को मजबूत और सुखद बनाया कैसे जाए, इसका कोई निश्चित फॉर्मूला नहीं है।

रिलेशनशिप कोच और काउंसलर अलग-अलग तरीकों से रिश्ते निभाने की सीख देते हैं। आम धारणा है कि रिश्ते में पार्टनर की कद्र करें, कम बोलें, ज्यादा सुनें तो संबंध मधुर बना रहेगा।

लेकिन हकीकत इससे थोड़ी जुदा है। साइकोलॉजी की रिसर्च और रिलेशनशिप कोच की मानें तो रिश्ते में चुप्पी से ज्यादा जरूरी मुखरता है। रिश्ता बचाए रखने के लिए समझौता करना और खुद को दबाना ठीक नहीं। इससे रिश्ते को कोई फायदा नहीं होता। बल्कि यह अंदर ही अंदर खोखला होने लगाता है और भविष्य के अलगाव की बीज पनपने लगती है।

जबकि आपसी संबंधों में अपनी सोच और जरूरतों को लेकर मुखर रहने वाले पार्टनर्स का रिश्ता ज्यादा मजबूत और मधुर होता है। 'फोर्ब्स' की एक साइकोलॉजिकल रिपोर्ट भी इस बात की तस्दीक करती है।

### रिश्ते में चुप्पी की जगह मुखरता क्यों है जरूरी

रिलेशनशिप कोच डॉ. अंजलि बताती हैं कि मुखरता किसी भी रिश्ते की जान होती है। वो पुराना दौर था, जब पति-पत्नी एक-दूसरे से ज्यादा बात नहीं करते और अपनी बातें कहने से हिचकते थे। खासतौर से रोमांटिक और प्रोफेशनल रिश्ते में मुखरता हद से ज्यादा जरूरी है। पार्टनर्स अगर मुखर नहीं हों तो वे एक-दूसरे को ठीक तरीके से समझ ही नहीं पाएंगे और उनका रिश्ता कभी मजबूत नहीं बन पाएगा।

### मुखरता फायदेमंद, फिर इससे किनारा क्यों करते पार्टनर्स

रिलेशनशिप कोच और साइकोलॉजी की कई रिसर्च रिश्ते में मुखरता के तमाम फायदे गिनाती हैं। लेकिन एक तथ्य यह भी है कि ज्यादा रिश्तों में लोग मुखरता से किनारा कर चुप्पी का सहारा लेते हैं। उन्हें ऐसा लगता है कि वो कुछ कहेंगे तो पार्टनर को बुरा लगेगा, उनका रिश्ता प्रभावित होगा। कई मौकों पर तो वो अपनी बात कहने का साहस ही नहीं जुटा पाते या सही मौके की तलाश में ही वक्त गुजार देते हैं। ऐसी स्थिति में वो मन ही मन घुटने लगती हैं। उनके मन में गुबार भरने लगता है। एक समय बाद उन्हें एहसास होता है कि इस रिश्ते के लिए उन्होंने जरूरत से ज्यादा समझौता कर लिया है। फिर वे अचानक फट पड़ते हैं।

यह स्थिति रिश्ते के लिए ज्यादा खतरनाक होती है। यहां आकर किसी भी तरह के समझौते की गुंजाइश भी खत्म-सी हो जाती है।

### रिश्ते में समानता और प्यार के लिए जरूरी है मुखरता

डॉ. अंजलि बताती हैं कि किसी भी रिश्ते में अगर दो पार्टनर्स रेगुलर संवाद करें, खुलकर बोलें और दूसरे की बातें सुनें तो इससे उनका रिश्ता मजबूत होता है। उनके बीच मिस-अंडरस्टैंडिंग नहीं होती। वो एक-दूसरे और उनकी जरूरतों को बेहतर तरीसे से समझने लगते हैं।

### अपनाएं ये टिप्स ताकि अपनी बात कहने में हिचके नहीं

आपने जान लिया है कि मुखरता की कमी से रिश्ते खोखले होते हैं और यह भविष्य के अलगाव का बीजारोपण करता है। अब सवाल उठता है कि रिश्ते में मुखरता लाई कैसे जाए।

'फोर्ब्स' की रिपोर्ट और रिलेशनशिप कोच डॉ अंजलि की सलाह पर हम कुछ टिप्स लाए हैं, जिसके सहारे चुप्पी छोड़ मुखरता अपनाया जा सकता है।




**सबसे पहले खुद के साथ मुखर हों-** रिश्ते में मुखर होने और पार्टनर से अपने मन की बातें बेबाक होकर कहने से पहले खुद के साथ बेबाक होना जरूरी है। एक पल ठहरकर सोचा जाए कि रिश्ते से हमें क्या उम्मीदें हैं, हमारा मन क्या चाहता है, इसी सोच से मुखर होने की राह मिलेगी। पार्टनर से कौन सी बातें कहनी हैं, इसका भी जवाब यहीं से मिलेगा।

**छोटी शुरुआत करें-** रिश्ते में चुप्पी से मुखरता का सफर एक कदम में तय नहीं किया जा सकता है। चुप्पी का कायल शख्स रातोंरात मुखर भी नहीं हो सकता और अचानक से ऐसा करना रिश्ते के लिए भी नुकसानदेह हो सकता है। इसलिए जरूरी है कि धीरे-धीरे क्रमिक रूप से अपनी मुखरता बढ़ाई जाए। शुरुआत छोटी और आसान बातों से की जाए। पार्टनर की चिंता करते हुए उसकी किसी बैड हैबिट के बारे में कहें या फिर उसे कुछ बेहतर करने की सलाह दे सकते हैं।

### प्रोफेशनल की मदद लें-

कई बार पुराने रिश्ते में अपनी कोशिशों से मुखर होना काफी मुश्किल हो सकता है। पुराने रिश्ते में नए एक्सपेरिमेंट भी आसान नहीं होता। ऐसे में रिलेशनशिप काउंसलर की मदद ली जा सकती है। साथ में लिया गया काउंसिलिंग सेशन रिश्ते में पड़ी गांठों को आसानी से खोल सकता है। आजकल ऑनलाइन रिलेशनशिप काउंसिलर भी उपलब्ध हैं। पूरी कहानी का निचोड़ और रिलेशनशिप काउंसलर की सलाह यही है कि रिश्ते को सुखद और मजबूत बनाने के लिए दोनों पार्टनर में हेल्दी कम्युनिकेशन का होना जरूरी है। रिश्ते में जब दोनों पार्टनर्स को कहने और सुनने की पूरी आजादी होगी तो संबंध मधुर बना रहेगा। नहीं तो कोई एक पार्टनर मन ही मन घुटता रहेगा। पार्टनर से कोई शिकायत हो, उसकी कोई बात पंसद न आए तो खुलकर कहिए, चुप्पी रिश्ते के लिए घातक है और 'मुखरता' इसकी दवा।

बावेंडी-ब्रुस और एलेक्सी को केमिस्ट्री का नोबेल

# क्वांटम डॉट्स खोजे, इससे मोबाइल-TV स्क्रीन को मिलती है लाइट; सर्जन आसानी से देख पाएंगे ट्यूमर टिश्यू

केमिस्ट्री में 2023 का नोबेल प्राइज माउंगी बावेंडी, लुइस ब्रुस, एलेक्सी एकिमोव को मिला है। ये तीनों अमेरिकी मूल के केमिस्ट हैं। इन्हें क्वांटम डॉट्स की खोज और इसके डेवलपमेंट के लिए ये सम्मान मिला है। क्वांटम डॉट्स ऐसे नैनोपार्टिकल्स हैं जो इतने छोटे होते हैं कि उनका आकार उनके गुणों को निर्धारित करता है।

क्वांटम डॉट्स का इस्तेमाल आज कंप्यूटर मॉनिटर, मोबाइल, टेलीविजन स्क्रीन को रोशन करने के लिए किया जाता है। इसमें QLED तकनीक का इस्तेमाल होता है। क्वांटम डॉट्स की लाइट इतनी तेज होती है कि जब इसे ट्यूमर पर डाला जाएगा, तो सर्जन्स को उसके टिश्यू देखने में कोई परेशानी नहीं होगी।



क्वांटम डॉट्स फ्लेक्सिबल इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने में मददगार होंगे क्वांटम डॉट्स कई LED लैंप की लाइट में ऐसे पार्टिकल्स जोड़ते हैं, जिनसे बारीक काम करने में आसानी होती है।

कलर्ड लाइट बनाने के लिए भी रिसर्चर्स ने क्वांटम डॉट्स का इस्तेमाल किया है। नोबेल प्राइज जीतने वाले केमिस्ट्स का मानना है कि भविष्य में क्वांटम डॉट्स फ्लेक्सिबल इलेक्ट्रॉनिक्स, छोटे सेंसर, पतले सोलर सेल और शायद एन्क्रिप्टेड क्वांटम कम्युनिकेशन में योगदान दे सकते हैं। नागासाकी पर गिरे परमाणु बम में था पोलोनिय़म, इसे खोजने वाली साइंटिस्ट को मिला नोबेल

पोलैंड में जन्मीं फिजिसिस्ट और केमिस्ट मैरी क्यूरी ने अपने पति पियरे क्यूरी के साथ मिलकर कई साइंटिफिक खोज कीं। 1898 में दो नए तत्व रेडियम और पोलोनियम की डिस्कवरी की घोषणा की। इन तत्वों के शुद्ध नमूनों को अलग करना मैरी के लिए कठिन काम था। कई टन कच्चे ओर (अयस्क) से 1 डेसीग्राम रेडियम क्लोराइड निकालने में 4 चार साल लग गए थे। 1911 में रेडियम और पोलोनियम की खोज के लिए क्यूरी को अपना दूसरा नोबेल प्राइज केमिस्ट्री में मिला था। मैरी क्यूरी को सम्मान मिलने के कुछ साल बाद अमेरिका ने जापान के 2 शहरों पर परमाणु बम गिराए थे। जो बम नागासाकी पर गिराया गया था, उसके डेटोनेटर का एक मुख्य एलिमेंट पोलोनियम भी था। हालांकि क्यूरी परमाणु बम बनाने के प्रोजेक्ट में शामिल नहीं थीं। मैरी क्यूरी ने अपने पति पियरे क्यूरी के साथ मिलकर रेडियम और पोलोनियम पर काम किया था। मैरी को 1903 में फिजिक्स के क्षेत्र में भी नोबेल प्राइज मिला था।

मैरी क्यूरी ने अपने पति पियरे क्यूरी के साथ मिलकर रेडियम और पोलोनियम पर काम किया था। मैरी को 1903 में फिजिक्स के क्षेत्र में भी नोबेल प्राइज मिला था।

भारतीय मूल के भारतीय मूल के सबसे प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों में से एक वेंकटरमन रामकृष्णन को 2009 मॉलिक्युलर बायोलॉजी के क्षेत्र में केमिस्ट्री का नोबेल पुरस्कार मिला था। उन्होंने साल 2000 में एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी नाम की एक विधि का उपयोग करके सैकड़ों हजारों परमाणुओं से बने राइबोसोम की संरचना को मैप किया था। इसके जरिए एंटीबायोटिक दवाइयां बनाने में काफी मदद मिली। किसी भी जीव के शरीर के सभी फंक्शन्स को बड़े और कॉम्प्लेक्स प्रोटीन मॉलिक्यूल्स मैनेज करते हैं। ये सेल के राइबोसोम में बनते हैं। इनकी जेनेटिक इन्फॉर्मेशन को RNA के जरिए एमीनो एसिड की चेन्स में ट्रांसलेट किया जाता है। यही फिर प्रोटीन बनाते हैं। इसी थ्योरी से, उन्होंने एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी के जरिए राइबोसोम का स्ट्रक्चर बनाया।भारतीय मूल के 72 वर्षीय वेंकटरमन रामकृष्णन UK में रहते है। उनके पास USA और UK की नागरिकता है। उन्होंने बायो-फिजिक्स और बायो-केमिस्ट्री में काफी काम किए हैं।

# रोज 25 मिनट की दौड़ से 8 साल तक मौत का जोखिम 35% कम होता है

डर और एंग्जायटी...पेट में हलचल पैदा कर देते हैं। एसी स्थिति में सांसें तेज होने लगती हैं, घबराहट भी महसूस होती है। लेकिन दिमाग में किसी तरह का एहसास या दर्द नहीं होता।

दूसरी तरफ साइंस कहता है कि डर और एंग्जायटी दिमाग में पैदा होते हैं। यहीं से प्रोसेस भी होते हैं। अब आपके मन में सवाल उठ रहा होगा कि जब ये पैदा दिमाग में होते हैं तो महसूस पेट या दिल में क्यों होते हैं। आइए इसका जवाब जानते हैं...

रिसर्चर्स कहते हैं कि इमोशन्स दिमाग में बनते हैं और हमारा शरीर इनका रिएक्शन दे रहा होता है। इसे समझने के लिए दिमाग के उन हिस्सों को समझना होगा जो डर को प्रोसेस करते हैं। दिमाग का ये हिस्सा कान के पास होता है। बादाम जैसा दिखने वाला अमिगडला किसी स्थिति की प्रमुखता या भावनात्मकता का पता लगाता है और उस पर कैसे प्रतिक्रिया देनी है ये तय करता है। जब आप किसी चीज को देखते हैं तो अमिगडला तय करता है कि उस चीज पर क्या प्रतिक्रिया दी जानी चाहिए। यानी उस चीज को खाना चाहिए, उससे दूर भागना चाहिए या उस पर हमला करना चाहिए।

थ्रेट डिटेक्शन यानी डर का पता लगता बेहद अहम है। ये प्रोसेस काफी तेज होती है, इसलिए अमिगडला लॉजिक लगाए बिना ही रिएक्शन देता है। उदाहरण के लिए जब हम किसी जानवर को अपनी तरफ आते हुए देखते हैं तो उस पर बिना सोचे ही हमला करने लगते हैं। दिमाग का ये हिस्सा कुछ भी नया सीखने या याददाश्त के लिए जिम्मेदार होता है। इसे ब्रेन का मेमोरी हब भी कहा जाता है। हिप्पोकैंपस और अमिगडला आपस में जुड़े होते हैं। ये हिस्सा डर के संदर्भ (कॉन्टेक्स्ट) में याद रखता है कि कौन-सी चीज से खतरा है और कौन-सी चीज सेफ है। गुस्साए हुए शेर को जंगल में देखकर और किसी जू में देखकर अमिगडला में डर पैदा होता है। लेकिन हिप्पोकैंपस डर की प्रतिक्रिया देता है। यानी हिप्पोकैंपस बताता है कि जू वाले शेर से डरने की जरुरत नहीं है और जंगल में घूम रहा शेर खतरनाक है।

### प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स (मस्तिष्काग्र की बाह्य परत)

प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स आखों के ऊपर होता है। ये हिस्सा ज्यादातर डर के सामाजिक पहलुओं से जुड़ा होता है। जैसे- जब तक आपसे कोई ये न कह दे की सांप या कुत्ता खतरनाक नहीं है, तब तक आप उससे डरते हैं। जैसे ही कोई कह दे कि ये कुत्ता या सांप बहुत फ्रेंडली है तो फौरन आपको डर लगना कम या खत्म हो जाएगा। हालांकि, प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स को आमतौर पर दिमाग के उस हिस्से के रूप में देखा जाता है जो भावनाओं को नियंत्रित करता है। लेकिन यह आपके सामाजिक परिवेश के आधार पर आपको डर महसूस करवा सकता है। जैसे- आप भले ही रोज अपने बॉस से बात करते हों, लेकिन नौकरी से निकाले जाने की खबर सुनने के बाद आपको बॉस के पास जाने में डर लग सकता है।




### अब जानिए की जब डर लगता है तो बॉडी क्यों रिएक्ट करती है...

जब आपका दिमाग ये तय कर लेता है कि किसी परिस्थिति में डरना या किसी चीज को देखकर होने वाली डर की प्रतिक्रिया सही है तो वो आपको तुरंत एक्शन लेने के लिए तैयार करता है। इसके लिए वह न्यूरोन और हार्मोन के कई ग्रुप एक्टिव कर देता है। इसलिए थ्रेट डिटेक्शन दिमाग में होता है और प्रतिक्रिया हमारा शरीर दे रहा होता है।

#### मोटर कॉर्टेक्स

दिमाग का ये हिस्सा खास तरह की मसल्स (मांसपेशियों) को फौरन मूवमेंट करने के लिए सिग्नल भेजता है। ये मसल्स हमारी छाती और पेट में होती हैं। ये मसल्स छाती और पेट के आस-पास मौजूद महत्वपूर्ण अंगों को प्रोटक्ट करती हैं। ये अंग तनावपूर्ण या डर की परिस्थिति में आपकी छाती और पेट में जकड़न की भावना पैदा कर सकते हैं।

#### सिम्पैथेटिक नर्वस सिस्टम

सिम्पैथेटिक न्यूरॉन्स पूरे शरीर में फैले हुए होते हैं। दिल, फेफड़े और आंतों में ये काफी ज्यादा मात्रा में होते हैं। ये न्यूरॉन एड्रीनल ग्लैंड को ट्रिगर करते हैं। इससे एड्रेनालाईन रिलीज होता है, जो खून के जरिए दिल तक पहुंचता है। डर महसूस करते समय ये प्रोसेस काफी तेज हो जाती है जिससे हार्ट रेट बढ़ने लगता है। इस दौरान मांसपेशियां तक ब्लड सप्लाई हो सके इसके लिए सिम्पैथेटिक नर्वस सिस्टम दिल की धड़कने और खून के फ्लो को बढ़ा देता है।

इस पूरी प्रोसेस के दौरान आप छाती में बढ़ी हुई हार्ट बीट और खून का फ्लो दोनों महसूस करते हैं, यही कारण है कि आप इंटेंस इमोशन की फीलिंग को दिल में महसूस कर पाते हैं। सिम्पैथेटिक नर्वस सिस्टम फेफड़ों में भी सिग्नल्स भेजता है। इससे ब्रीदिंग रेट बढ़ जाता है। कई बार सांसें फूलने लगती हैं।

इसी तरह सिम्पैथेटिक नर्वस सिस्टम पेट में खून का फ्लो कम हो जाता है। आपके गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सिस्टम में इन बदलावों को डर और एंग्जायटी से जोड़कर देखा जा सकता है।

#### ये सभी सेंसेशन वापस दिमाग तक पहुंचते हैं

पेट-छाती में महसूस होने वाले ये सभी सेंसेशन स्पाइनल कॉर्ड के जरिए वापस दिमाग में जाते हैं। दिमाग इन सिग्नल्स को कॉन्शियस और अनकॉन्शियस दोनों लेवल पर प्रोसेस करता है।

'साइंस अलर्ट' के मुताबिक, डर और एंग्जायटी आपके दिमाग में पैदा होते हैं, लेकिन आप उन्हें अपने शरीर में भी महसूस करते हैं क्योंकि आपका दिमाग आपके बॉडी फंक्शन को बदल देता है। इमोशन्स आपके शरीर और दिमाग दोनों में होते हैं, लेकिन आप अपने दिमाग से उनके अस्तित्व के बारे में जानते हैं।

# खजूर खून बढ़ाए, पपीता खाना पचाए

सीजनल फलों को खाने से सेहत को बेहद फायदा मिलता है। सर्दियां शुरू हो गई हैं। इसलिए सेहत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। वैसे तो सर्दियों के मौसम में ही सबसे ज्यादा फल और सब्जियां मिलती हैं। ऐसी में यह तय करना मुश्किल होता है कि सर्दियों में क्या खाना चाहिए और क्या नहीं। कई बार हम फलों की तासीर जाने बिना कर लेते हैं जिससे हम सर्दी और खांसी की तरह ही कई बीमारियों के शिकार हो सकते हैं।

आइए आज 'जान जहान' में यूनानी डॉ. सुबास राय से सर्दियों में खाए जाने वाले फल और उनके फायदे के बारे में जानते हैं।

सर्दी के मौसम में शरीर को न्यूट्रीशन की जरूरत होती है। हालांकि इस मौसम में ज्यादा कैलोरी और फैट से भरपूर डाइट लेने से बचना चाहिए।सर्दी के सीजन में शरीर को विटामिन, मिनरल, फोलेट, एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर डाइट लें। इन फलों को खाने से वजन घटाने, शुगर कंट्रोल करने, कैंसर की रोकथाम, स्किन और बालों के लिए भी होता है। ये सभी फल सर्दी में होने वाली समस्याओं से लड़ने की ताकत देते हैं।

सर्दियों में खाए जाने वाले फलों के लिए कोई निश्चित समय नहीं है। इसका मतलब यह है कि आप अपनी सुविधा के अनुसार इन्हें कभी भी खा सकते हैं।जानकारों का मानना है कि सुबह के नाश्ते के समय और दोपहर के खाने के कुछ समय पहले इनका फल खाना सही है। खाली पेट फलों को खाने के ज्यादा फायदे होते हैं।सबसे अच्छा समय लंच के करीब 15 से 20 मिनट पहले या लंच करने के बाद करीब 1 से 2 घंटे बाद होता है। ऐसा करने पर इन्हें पचाने में आसानी होती है। साथ ही इनके पूरे पोषक तत्वों और खनिज पदार्थों का इस्तेमाल किया जा सकता है। सर्दियों के मौसम में खाए जाने वाले फलों को रात के समय खाने से बचना चाहिए। फल तो हमें हर मौसम में होते हैं जो हमारे शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद हैं। लेकिन सर्दियों में कुछ खास फलों को खाना जरूरी है। आइए जाने सर्दियों में कौन-कौन से फलों का सेवन करना चाहिए।

खजूर एक छोटा और अनोखा फल है जिसके बहुत से फायदे होते हैं। इस फल में कई तरह के विटामिन और खनिज पदार्थों की उच्च मात्रा होती है। जिसके वजह से सर्दियों में मौसम में खजूर खाना जाता है। साथ ही उन लोगों के लिए भी खजूर फायदेमंद होता है जिनकी हड्डियों भंगुर या हड्डी का घनत्व कम होता है। खजूर खाने का सबसे बड़ा फायदा इसमें मौजूद फइबर के कारण होता है। जो कि आपकी पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में प्रभावी होता है। सर्दी के मौसम में कब्ज से परेशान हैं तो खजूर आपके लिए सबसे अच्छे घरेलू उपाय साबित हो सकते हैं।



अलग पहचान
सत्य की उड़ान



# चैंपियंस ट्रॉफी से ड्रॉप होते ही जागा बांग्लादेशी हिंदू क्रिकेटर का बल्ला, ठोकी करियर की सबसे तेज सेंचुरी




**चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए बांग्लादेश टीम का ऐलान हुआ, जिसमें लिटन दास को शामिल नहीं किया गया। लेकिन उन्होंने बांग्लादेश प्रीमियर लीग में 44 गेंदों में धुआंधार शतक लगाकर शानदार वापसी की। 125 रनों की उनकी नाबाद पारी ने ढाका कैपिटल्स को दुर्बार राजशाही के खिलाफ 149 रन से जीत दिलाई।**

**ढाकाः** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए बांग्लादेश टीम का ऐलान हो गया है। इस टीम में अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास को शामिल नहीं किया गया। लिटन टीम के प्रमुख बल्लेबाज हैं और वनडे में उनका रिकॉर्ड भी शानदार है। हालांकि हालिया फॉर्म खराब होने की वजह से उन्हें ड्रॉप कर दिया गया। 2024 में खेले गए 5 वनडे में उन्होंने तीन डक समेत कुल 6 रन ही बनाए। लेकिन अब टीम से ड्रॉप होने के बाद उन्होंने तूफानी शतक ठोक दिया है।

**लिटन ने 44 गेंदों पर जड़ा शतक** लिटन दास ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश प्रीमियर लीग में धुआंधार शतक जड़ा। उन्होंने सिर्फ 44 गेंदों में यह शतक पूरा किया। यह टी20 क्रिकेट में किसी भी बांग्लादेशी बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक है। वह 125 रन बनाकर नाबाद रही। 55 गेंदबाजों की पारी में 30 साल के लिटन ने 10 चौकों के अलावा 9 छक्के मारे। लिटन ढाका कैपिटल्स की टीम का हिस्सा हैं। कैपिटल्स ने दुर्बार राजशाही को 149 रनों से हराकर बांग्लादेश प्रीमियर लीग 2024-25 में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस मैच में ढाका कैपिटल्स ने BPL इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर भी खड़ा किया। दास के साथी बल्लेबाज तनजीद हसन ने भी शतक लगाया। कैपिटल्स ने 254 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो BPL इतिहास का सर्वोच्च स्कोर है। हसन ने 51 गेंदों में 112 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 8 छक्के शामिल थे। इन दोनों की 241 रनों की साझेदारी ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए।

चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने से एक हफ्ते पहले तक टीमों में बदलाव किए जा सकते हैं। मैच के बाद पत्रकारों से बात करते हुए दास ने कहा, 'नहीं भाई, किसी को कुछ साबित करने की कोई बात नहीं है और मुझे किसी को कुछ साबित करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मेरे दिमाग में हमेशा यही रहता है कि मैं अपने क्रिकेट को कैसे बेहतर बना सकता हूं।

# IPL 2025: 18 सीजन और 17 कप्तान... कपड़ों की तरह कप्तान बदलती है पंजाब किंग्स, कितने मैच टिकेंगे

**श्रेयस अय्यर आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के कप्तान होंगे। इससे पहले अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान थे। वह पंजाब के 17वें कप्तान बने हैं। पंजाब किंग्स 2008 से आईपीएल खेल रही है लेकिन अभी तक खिताब नहीं जीत पाई है। नई सीजन के लिए रिकी पोंटिंग हेड कोच होंगे।**

**नई दिल्लीः** आईपीएल 2025 में श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स के कप्तान होंगे। रविवार की रात बिग बॉस के सेट पर टीम के नए कप्तान का ऐलान हुआ। अय्यर आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा थे। उनकी कप्तानी में फ्रेंचाइजी ने खिताब अपने नाम किया था। नीलामी में पंजाब ने उन्हें 26.75 करोड़ में खरीदा था। अब आईपीएल 2025 में अय्यर की कप्तानी में टीम मैदान पर उतरेगी।

**पंजाब के 17वें कप्तान हैं अय्यर** पंजाब किंग्स की टीम 2008 से ही आईपीएल खेल रही है। 2020 तक टीम का नाम किंग्स इलेवन पंजाब हुआ करता था। टीम ने अभी तक 17 सीजन में हिस्सा लिया है। इस दौरान कुल खिलाड़ियों ने टीम की कप्तानी की है। श्रेयस अय्यर टीम के 17वें कप्तान हैं। युवराज सिंह पंजाब किंग्स के पहले कप्तान थे। ऑस्ट्रेलिया के जॉर्ज बेली ने सबसे ज्यादा 35 मैचों में टीम की कमान संभाली है। वहीं महेला जयवर्धने, वीरेंद्र सहवाग और जितेश शर्मा 1-1 मैच में कप्तान रहे हैं।




अभी तक चैंपियन नहीं बनी

पंजाब किंग्स की टीम अभी तक आईपीएल का खिताब नहीं जीत पाई है। 16 सीजन में टीम सिर्फ एक ही बार फाइनल में पहुंची है। 2014 में जॉर्ज बेली की कप्तानी में केकेआर के खिलाफ उसे फाइनल में हार मिली थी। इसके अलावा पहले सीजन को हटा दें तो टीम 14 बार तो प्लेऑफ में भी नहीं पहुंची। 2025 सीजन से पहले पंजाब ने कप्तान के साथ ही हेड कोच भी बदला है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग की कोचिंग में टीम इस बार मैदान पर होगी।

# दो चोटिल खिलाड़ी की वापसी तो युवा ओपनर हुआ ड्रॉप, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम घोषित

*__नई दिल्लीः__ पैट कमिंस अगले महीने पाकिस्तान में होने वाले ICC चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने श्रीलंका के टेस्ट दौरे से अपने दूसरे बच्चे के जन्म के चलते नाम वापस ले लिया था। चोटिल तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भी सोमवार को घोषित टीम में शामिल हैं। कमिंस घुटने की चोट से भी जूझ रहे हैं। हेजलवुड चोट की वजह से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भारत के खिलाफ दो ही मैच केल पाए थे। __मैकगर्क कर दिए गए बाहर__ ओपनर जेक फ्रेजर-मैकगर्क को खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपनिंग की थी। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, 'यह एक संतुलित और अनुभवी टीम है। इसके मुख्य खिलाड़ी पिछले वनडे विश्व कप, वेस्टइंडीज सीरीज, पिछले साल के सफल यूके दौरे और हाल ही में पाकिस्तान के घरेलू सीरीज में शामिल रहे हैं।'*

*__इंग्लैंड से पहला मुकाबला__ चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच पाकिस्तान और यूएई में खेली जाएगी। इस आठ देशों के टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया एक मजबूत दावेदार के रूप में उतरेगी। ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप ए में है। 22 फरवरी को अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम की भिड़ंत इंग्लैंड से होगी। इसके बाद 25 फरवरी को साउथ अफ्रीका और 28 को अफगानिस्तान से भिड़ेगी। वनडे में ऑस्ट्रेलिया की टीम अभी वर्ल्ड चैंपियन भी है। ऑस्ट्रेलिया की टीम दो बार चैंपपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत चुकी है। 2006 के बाद 2009 में टीम विजेता रही। 2013 और 2017 में हुए टूर्नामेंट में टीम ने कुल 6 मैच खेले और उसे एक भी जीत नहीं मिली। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीमः पैट कमिंस (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, एडम जाम्पा।*

# कभी आलोचना करते नहीं थकते थे, अब तारीफ में पढ़े कसीदे... धोनी को लेकर बदला योगराज सिंह का दिल



**युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने एमएस धोनी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने धोनी के निडर रवैये, कप्तानी की सूझबूझ और युवा खिलाड़ियों की मदद करने की सराहना की। पहले धोनी पर आलोचना करने वाले योगराज ने अब उन्हें प्रेरित कप्तान और तेज निर्णय लेने वाला व्यक्ति बताया।**

नई दिल्लीः युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने एमएस धोनी पर अपने रुख में बड़ा बदलाव दिखाया है। पहले धोनी की कड़ी आलोचना करने वाले योगराज ने अब उनकी जमकर तारीफ की है। उन्होंने धोनी के मैदान पर निडर रवैये और युवा खिलाड़ियों की मदद करने की बात कही। योगराज सिंह पहले धोनी पर युवराज सिंह का करियर खत्म करने का भी आरोप लगा चुके हैं। अब उनकी कप्तानी और मैदान पर सूझबूझ की तारीफ कर रहे हैं। **धोनी पर क्या बोले योगराज सिंह** उन्होंने अनफिल्टर्ड बाय समदिश नामक यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए में कहा, 'मुझे धोनी एक बहुत ही प्रेरित कप्तान लगते हैं, जो लोगों को बता सकते हैं कि क्या करना है। धोनी की सबसे अच्छी बात यह थी कि वह विकेट को पढ़ सकते थे और गेंदबाजों को बता सकते थे कि कहां गेंदबाजी करनी है। योगराज ने धोनी के निडर रवैये का भी जिक्र किया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में मिचेल जॉनसन की गेंद से ग्रिल पर चोट लगने के बाद भी धोनी के अडिग रहने का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, 'जो मुझे उनमें सबसे ज्यादा पसंद आया वह यह था कि वह एक निडर आदमी थे। अगर आपको याद हो तो ऑस्ट्रेलिया में उन्हें मिचेल जॉनसन ने ग्रिल पर मारा था और वह जरा भी नहीं हिले, वह वहीं खड़े रहे और अगली गेंद पर उन्होंने उन्हें छक्का लगाया। ऐसे लोग काफी कम होते हैं।'

**धोनी पर लगा चुके हैं आरोप** योगराज सिंह समय समय पर महेंद्र सिंह धोनी पर आरोप लाग चुके हैं। पिछले साल ही एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि कैंसर से उबरने के बाद युवराज आराम से कुछ और साल खेल सकते थे, लेकिन यह धोनी और बाद में विराट कोहली के कारण संभव नहीं हो सका। युवा को टीम से बाहर किया। उन्होंने कहा था कि धोनी ने मेरे बेटे का जीवन बर्बाद किया जो चार-पांच साल और खेल सकता था।

# पिस्टल लेकर कपिल को उनके घर मारने पहुंच गया था... योगराज सिंह का सनसनीखेज खुलासा



***Yograj Singh* ने बताया कि उन्होंने कपिल देव की राजनीति के कारण क्रिकेट छोड़ने का फैसला किया। उनका कहना है कि कपिल देव ने उन्हें टीम से हटा दिया था, जिसके बाद वह उन्हें मारने के लिए उनके घर तक चले गए थे। योगराज ने बिशन सिंह बेदी पर भी साजिश का आरोप लगाया।**

*युवराज के पिता योगराज सिंह ने हाल ही में ऐसे कई चौंकाने वाले बयान दिए, जिससे वर्ल्ड क्रिकेट हिल चुका है। अपने हालिया इंटरव्यू में एक यू-ट्यूबर से बात करते हुए योगराज सिंह ने कहा कि वह कपिल देव के सिर में गोली मारने के लिए उनके घर गए थे। योगराज ने कहा कि वह कपिल देव को मारने उनके घर गए थे क्योंकि उन्हें टीम से ड्रॉप कर दिया गया था। योगराज ने कहा कि वह अपने प्लान में इसलिए सफल नहीं हो पाए क्योंकि कपिल देव अपने घर पर नहीं थे।*

*__मैंने उसे दर्जनों गालियां दी__ योगराज ने 'अनफिल्टर्ड बाय समदीश' पर कहा, 'जब कपिल देव भारत, उत्तरी क्षेत्र और हरियाणा के कप्तान बने, तो उन्होंने बिना किसी कारण के मुझे हटा दिया। मेरी पत्नी (युवी की मां) चाहती थी कि मैं कपिल से सवाल पूछूं। मैंने उससे कहा कि मैं इस आदमी को सबक सिखाऊंगा। मैंने अपनी पिस्तौल निकाली, मैं सेक्टर-9 में कपिल के घर गया। तब वह अपनी मां के साथ बाहर गया हुआ था। मैंने उसे दर्जनों बार गालियां दीं। मैंने उससे कहा कि तुम्हारी वजह से मैंने एक दोस्त खो दिया है और तुमने जो किया है, उसकी कीमत तुम्हें चुकानी पड़ेगी।'*

***इसलिए नहीं मारी कपिल देव को गोली***

*योगराज सिंह ने आगे कहा, 'मैंने उससे कहा कि तुम्हारे सिर में गोली मारना चाहता हूं, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर रहा हूं क्योंकि तुम्हारे पास भगवान में विश्वास रखने वाली मां है, जो यहां खड़ी है।' योगराज ने खुलासा किया कि कथित तौर पर कपिल देव और बिशन सिंह बेदी की राजनीति के कारण नॉर्थ जोन से बाहर किए जाने के बाद उन्होंने क्रिकेट छोड़ने का फैसला किया। योगराज ने कहा कि चूंकि उनकी सुनील गावस्कर से अच्छी दोस्ती थी इसलिए सीनियर खिलाड़ियों ने मुझे बाहर कर दिया। यही वह क्षण था जब मैंने फैसला किया कि मैं क्रिकेट नहीं खेलूंगा, युवी खेलेंगे।' __बिशन सिंह बेदी ने मेरे खिलाफ साजिश रची__ योगराज सिंह ने दिवंगत बिशन सिंह बेदी पर भी तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, 'इन लोगों ने, जिनमें बिशन सिंह बेदी भी शामिल हैं, मेरे खिलाफ साजिश रची। मैंने बिशन सिंह बेदी को कभी माफ नहीं किया। वह आदमी अपने बिस्तर पर ही मर गया। जब मुझे बाहर किया गया तो मैंने चयनकर्ताओं में से एक रवींद्र चड्ढा से बात की। उन्होंने मुझे बताया कि बिशन सिंह बेदी (मुख्य चयनकर्ता) मुझे नहीं चुनना चाहते थे क्योंकि उन्हें लगा कि मैं सुनील गावस्कर का आदमी हूं और क्योंकि मैं मुंबई में क्रिकेट खेल रहा था। मैं गावस्कर के बहुत करीब था।'*

*__युवी जब वर्ल्ड कप जीता तो कपिल देव को ताने मारा__ योगराज ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने भारत की वनडे विश्व कप 2011 की जीत के बाद कपिल देव पर यह कहते हुए ताना मारा था कि 'उनका बेटा' विश्व कप चैंपियन था। पॉडकास्ट के एक अलग हिस्से में योगराज ने कपिल देव पर यह कहकर कटाक्ष किया था कि वह बेटा पैदा करने में सक्षम नहीं हैं। 2011 में जब भारत ने विश्व कप जीता, तो केवल एक ही व्यक्ति था जो रो रहा था और वह कपिल देव थे। मैंने उसे एक पेपर कटिंग भेजी थी कि मेरे बेटे ने विश्व कप में आपसे बेहतर प्रदर्शन किया था।'*

***IPL का 18वां सीजन 21 मार्च से शुरू होगाः25 मई को कोलकाता में फाइनल; WPL 7 फरवरी से 4 वेन्यू पर खेला जाएगा***

*IPL 2025 का पहला मैच 21 मार्च को कोलकाता में खेला जाएगा। यहीं 25 मई को टूर्नामेंट का फाइनल भी होगा। वहीं, विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) का तीसरा सीजन 7 फरवरी से शुरू होकर 2 मार्च तक चलेगा। इस बार का टूर्नामेंट 2 की बजाय 4 वेन्यू पर खेला जाएगा। क्रिकइन्फो की रिपोर्ट अनुसार IPL कमेटी ने सभी फ्रेंचाइजी को टूर्नामेंट शुरू होने की डिटेल भेज दी है, जिससे कि वे खिलाड़ियों को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दें। कोलकाता नाइट राइडर्स IPL की डिफेंडिंग चैंपियन है, टीम ने फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था। __चैंपियंस ट्रॉफी के कारण देर से शुरू होगा टूर्नामेंट__ नवंबर में IPL का मेगा ऑक्शन हुआ। जिसके बाद कमेटी ने सभी टीमों को अगले 3 साल का संभावित शेड्यूल बताया था। जिसके हिसाब से इस बार का टूर्नामेंट 15 मार्च से 25 मई तक होना था।*

# विनोद कांबली ने छुए सुनील गावस्कर के पैर, पृथ्वी शॉ का गाल थपथपाया, मुंबई के क्रिकेटर्स का जलसा



**मुंबईः** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर और पूर्व खिलाड़ी विनोद कांबली समेत मुंबई के कुछ क्रिकेट नायकों को रविवार को मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) द्वारा वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित जश्न के शुरुआती समारोह में सम्मानित किया गया। मुख्य कार्यक्रम 19 जनवरी को वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। **गावस्कर के पैर छुए, पृथ्वी से किया स्नेह** पूर्व भारतीय बल्लेबाज विनोद कांबली भी इस मौके पर मौजूद थे। स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण 21 दिसंबर को उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया था, वह अब भी अपनी बीमारी से उबर रहे हैं, उन्हें अन्य लोगों द्वारा ले जाते हुए देखा गया। इस दौरान उन्होंने सुनील गावस्कर से पैर छूकर आर्शीवाद लिया तो पृथ्वी शॉ के गाल थपथपाते भी नजर आए।

**कांबली ने दी कड़ी मेहनत की सलाह** सम्मानित किए जाने के बाद कांबली ने प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में खेलने के दिनों के बारे में बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे याद है कि मैंने इंग्लैंड के खिलाफ अपना पहला दोहरा शतक यहीं लगाया था और फिर अपने करियर में कई और शतक लगाए। अगर कोई भी मेरे या सचिन (तेंदुलकर) की तरह भारत के लिए खेलना चाहता है तो मैं सलाह दूंगा कि आपको कड़ी मेहनत करते रहना चाहिए और ऐसा करना कभी नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि सचिन और मैंने बचपन से ही ऐसा किया था।' **इन दिग्गजों को किया गया सम्मानित**

संजय मांजरेकर, वसीम जाफर, राजू कुलकर्णी, चंद्रकांत पंडित, लालचंद राजपूत, शोभा पंडित और अरुंधति घोष समेत कई अन्य क्रिकेट दिग्गजों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने मुंबई क्रिकेट की समृद्ध विरासत में योगदान दिया है। गावस्कर रविवार को सम्मानित होने वाले मुंबई के पहले कप्तान थे, उन्हें एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने स्मृति चिह्न भेंट किया।

**सचिन-सूर्या के भी पहुंचने की उम्मीद**

मुंबई क्रिकेट को समर्थन और योगदान के लिए मुंबई खेल पत्रकार संघ (एसजेएएम) को भी सम्मानित किया गया। सप्ताह भर चलने वाले समारोह के हिस्से के रूप में एमसीए, एसजेएएम, महावाणिज्य दूत और आईएएस अधिकारियों की टीमों के बीच दो क्रिकेट मैच आयोजित किए गए। सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा और दिलीप वेंगसरकर जैसे अन्य महान क्रिकेटर भी वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर एमसीए के भव्य समारोह का हिस्सा होंगे। पूर्व कप्तान रवि शास्त्री, अजिंक्य रहाणे, मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और डायना एडुल्जी जैसे अन्य दिग्गजों के भी आने की उम्मीद है।

**महिला क्रिकेट- भारत ने आयरलैंड को 116 रन से हरायाःअपना हाईएस्ट वनडे स्कोर बनाया, जेमिमा की सेंचुरी; सीरीज में 2-0 की बढ़त राजकोट** भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज अपने नाम कर ली। टीम ने रविवार को दूसरे वनडे मुकाबले में 116 रन की जीत हासिल की। इस जीत के साथ टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज का तीसरा मुकाबला 15 जनवरी को राजकोट में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 370 रन स्कोर खड़ा किया। यह टीम का सबसे बड़ा वनडे स्कोर है। जवाब में आयरलैंड की टीम 50 ओवर में 7 विकेट पर 254 रन ही बना सकी।

भारतीय टीम की ओर से जेमिमा रोड्रिग्ज ने शतकीय पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लॉट नं 0535 एवं 1272 खलखूटवा रातू रोड़ पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर किनू चौक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्यालय फा नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244805 RNI NO JHAHIN / 2013/66670